


Chapter
22

# कार्बनिक यौगिकों का शोधन, वर्गीकरण एवं नामकरण

*कार्बनिक शब्द जीवन के महत्व को बताता है। इसीलिए वे सभी पदार्थ जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से जीवित शरीरों (पादप एवं जन्तु) से प्राप्त किये जाते हैं कार्बनिक यौगिक कहलाते हैं एवं रसायन शास्त्र की वह शाखा जिसके अंतर्गत इन यौगिकों का अध्ययन किया जाता है कार्बनिक रसायन कहलाती है।*

**कार्बनिक रसायन की आधुनिक परिभाषा :** कार्बनिक रसायन हाइड्रोकार्बन एवं उनके व्युत्पन्न का रसायन है जिसमें सहसंयोजी बंधी कार्बन एक आवश्यक घटक है।

***बर्जीलियस* ने** 1815 में अपना सिद्धान्त दिया जिसे *जैवशक्ति सिद्धान्त* (Vital force theory) कहते हैं। इस सिद्धान्त के अनुसार, "*कार्बनिक यौगिकों का निर्माण केवल एक गुप्त शक्ति (Mysterious force) जिसे जैव शक्ति (Vital force) कहा जाता है, के द्वारा किया जा सकता है।* "***व्होलर*** (Wohler) द्वारा यूरिया का संश्लेषण एवं ***कोल्बे*** (Kolbe) द्वारा एसीटिक अम्ल का संश्लेषण इस सिद्धान्त की असफलता को दर्शाता है।

$$NH_4CNO \xrightarrow{\Delta} NH_2 - \overset{\overset{\large O}{||}}{C} - NH_2$$

(अमोनियम सायनेट) यूरिया (प्रयोगशाला में संश्लेषित प्रथम कार्बनिक यौगिक)

$$CH_3 - CHO \xrightarrow{[O]} CH_3 - COOH$$

एसीटेल्डिहाइड एसीटिक अम्ल (अपने तत्वों से प्राप्त प्रथम कार्बनिक यौगिक)

***बर्थलोट*** (Berthelot) ने प्रयोगशाला में ***मेथेन*** बनाई एवं सर्वाधिक प्रयुक्त कार्बनिक यौगिक ***सेल्युलोज*** ग्लूकोज का बहुलक है। ***कैकुले*** (Kekule) एवं ***कूपर*** (Couper) ने कार्बन की चतुःसंयोजकता प्रदर्शित की एवं 1874 में पहला संरचना सूत्र लिखा। ***वाण्टहॉफ*** (Van't Hoff) एवं ***ली बेल*** (Le-Bel) ने 1874 में कार्बन का चतुष्फलकीय मॉडल दिया।

## कार्बनिक यौगिकों का शोधन एवं अभिलक्षण
## (Purification and characterisation of organic compounds)

कार्बनिक यौगिकों के अध्ययन की शुरूआत यौगिकों के अभिलक्षण एवं उनके अणुसूत्र के निर्धारण द्वारा करते हैं। इस उद्देश्य हेतु जिस विधि को अपनाते हैं उसमें निम्न पद होते हैं,

(1) कार्बनिक यौगिकों का शोधन

(2) कार्बनिक यौगिकों का गुणात्मक विश्लेषण

(3) कार्बनिक यौगिकों का भारात्मक विश्लेषण

(4) कार्बनिक यौगिकों के अणुभार का निर्धारण

(5) कार्बनिक यौगिकों के अणुसूत्र एवं मूलानुपाती सूत्र की गणना

(6) स्पेक्ट्रोस्कोपी एवं विवर्तन विधि द्वारा कार्बनिक यौगिकों की संरचना का निर्धारण

(1) **कार्बनिक यौगिकों का शोधन :** पदार्थ के शोधन के लिए कई विधियाँ मौजूद हैं। विधि का चयन पदार्थ की प्रकृति (ठोस अथवा द्रव) एवं उसमें उपस्थित अशुद्धि की प्रकृति के आधार पर करते हैं। इस उद्देश्य हेतु निम्न विधियाँ सामान्यतः उपयोग में लेते हैं,

(i) साधारण क्रिस्टलन (ii) प्रभाजी क्रिस्टलन,

(iii) ऊर्ध्वपातन (iv) साधारण आसवन

(v) प्रभाजी आसवन (vi) कम दाब पर आसवन

(vii) भाप आसवन (viii) एजियोट्रॉपिक आसवन

(ix) वर्णलेखिकी (Chromatography)

(x) विभेदक निष्कर्षण (xi) रासायनिक विधियाँ

(i) ***साधारण क्रिस्टलन*** (Simple crystallization) **:** कार्बनिक ठोसों को शुद्ध करने की यह सबसे सामान्य विधि है। यह इस तथ्य पर आधारित है कि जब कभी क्रिस्टल बनता है तो उसमें अशुद्धि छोड़ने की प्रवृत्ति निर्मित होती है। क्रिस्टलन के लिए, उपयुक्त विलायक चुनते हैं (a) जो उच्च ताप पर कमरे के ताप की तुलना में अधिक पदार्थ को घोलता है। (b) जिसमें अशुद्धि या तो अघुलनशील होती हैं या उस हद तक घुलती है जब तक कि क्रिस्टलन पूर्ण न हो तब तक विलयन में (मातृ विलयन) बनी रहें, (c) जो उच्च ज्वलनशील न हो एवं (d) जो क्रिस्टलित पदार्थ के साथ रासायनिक रूप से क्रिया न करे। क्रिस्टलीकरण के लिए उपयोग में लिए जाने वाले सामान्य विलायक हैं : जल, एल्कोहल, ईथर, क्लोरोफॉर्म, कार्बन टेट्राक्लोराइड, एसीटोन, बेंजीन, पेट्रोलियम, ईथर आदि।

*उदाहरण :* (a) शक्कर से नमक की अशुद्धि को गर्म एथेनॉल द्वारा क्रिस्टलित करते हैं क्योंकि शक्कर गर्म एथेनॉल में विलेय है किन्तु नमक नहीं है।

(b) बेंजोइक अम्ल एवं नेफ्थैलीन के मिश्रण को गर्म जल द्वारा पृथक किया जा सकता है। जिसमें बेंजोइक अम्ल गर्म जल में विलेय है लेकिन नेफ्थैलीन नहीं है।

(ii) ***प्रभाजी क्रिस्टलन*** (Fractional crystallisation): विभिन्न घटकों के मिश्रण को पुनः क्रिस्टलीकरण द्वारा पृथक करने की विधि प्रभाजी क्रिस्टलन कहलाती है। मिश्रण को ऐसे विलायक में घोलते हैं जिसमें दोनों घटकों की विलेयता अलग-अलग होती है। जब इस मिश्रण के गर्म संतृप्त विलयन को ठण्डा करते हैं, तो कम घुलनशील घटक पहले क्रिस्टलित होता है जबकि अधिक घुलनशील घटक विलयन (मातृ विलयन) में ही रह जाता है। कम विलेयता वाले घटक के क्रिस्टलीकरण के बाद बचे मातृ विलयन को पुनः सान्द्र करके ठण्डा करते हैं तब अधिक विलेयता वाले घटक के क्रिस्टल प्राप्त होते हैं। पृथक हुए दोनों घटकों को उसी अथवा भिन्न विलायक द्वारा पुनः क्रिस्टलित करते हैं जिससे मिश्रण के दोनों घटक शुद्ध रूप में प्राप्त होते हैं। प्रभाजी क्रिस्टलन आसवन का उपयोग $KClO_3$ (कम घुलनशील) एवं $KCl$ (अधिक घुलनशील) के मिश्रण को पृथक करने में किया जा सकता है।

(iii) ***ऊर्ध्वपातन*** (Sublimation) : कुछ कार्बनिक ठोस गर्म करने पर द्रव अवस्था में आये बिना सीधे ही वाष्प अवस्था में बदलते हैं ऐसे पदार्थ *ऊर्ध्वपातज* कहलाते हैं एवं यह क्रिया *ऊर्ध्वपातन* कहलाती है।

$$\text{ठोस} \underset{\text{ठण्डा}}{\overset{\text{गर्म}}{\rightleftharpoons}} \text{वाष्प}$$

*ऊर्ध्वपातन विधि* का उपयोग *ऊर्ध्वपातज* यौगिकों को अनऊर्ध्वपाती अशुद्धि से पृथक करने में होता है। इस विधि का उपयोग सामान्यतः *कपूर, नेफ्थैलीन, एन्थ्रासीन, बेंजोइक अम्ल,* $NH_4Cl, HgCl_2$, *ठोस* $SO_2$, *आयोडीन एवं सैलिसिलिक अम्ल के शोधन में होता है जिनमें अवाष्पशील अशुद्धियाँ होती हैं।*

(iv) ***साधारण आसवन*** (Simple distillation): आसवन, वाष्पन एवं संघनन की संयुक्त क्रिया है। ये विधि उन द्रवों के शोधन में प्रयुक्त होती है जो बिना विघटित हुए उबलते हैं एवं जिनमें अवाष्पशील अशुद्धियाँ होती हैं। यह विधि उन द्रवों को पृथक करने में भी होती है जिनके क्वथनांक में काफी अन्तर होता है। विधि का उपयोग निम्न के मिश्रण को पृथक करने में होता है:

(a) क्लोरोफॉर्म (क्वथनांक 334 *K*) एवं एनिलीन (क्वथनांक 457 *K*)

(b) ईथर (क्वथनांक 308 *K*) एवं टॉलुईन (क्वथनांक 384 *K*)

(v) ***प्रभाजी आसवन*** (Fractional distillation): दो या दो से अधिक मिश्रणीय द्रवों को पृथक करने में इस विधि का उपयोग होता है जिनके क्वथनांक निकटतम होते हैं। चूँकि इस विधि में आसुत को विभिन्न ताप पर प्रभाजों के रूप में एकत्र करते हैं इसीलिए इसे प्रभाजी आसवन कहते हैं। इस विधि को प्रभाजी स्तम्भों का उपयोग करके पूर्ण किया जाता है। प्रभाजी स्तम्भ विशिष्ट प्रकार की काँच की लम्बी नली होती है जिसमें वाष्प को ऊपर एवं द्रव को नीचे भेजने की व्यवस्था दी जाती है। इस विधि का उपयोग *एसीटोन* (क्वथनांक 330 *K*) एवं *मेथिल एल्कोहल* (क्वथनांक 338 *K*) और *बेंजीन एवं टॉलुईन* के मिश्रण को पृथक करने में किया जा सकता है। प्रभाजी आसवन का एक तकनीकी अनुप्रयोग पेट्रोलियम उद्योग में कच्चे तेल से विभिन्न प्रभाजों को पृथक करने में होता है। *ये उपयोगी प्रभाज गैसोलीन, कैरोसीन तेल, डीजल तेल, स्नेहक तेल आदि हैं।*

(vi) ***कम दाब पर आसवन*** (Distillation under reduced pressure): इस विधि का उपयोग उच्च क्वथनांक वाले द्रवों और उन द्रवों को जो अपने क्वथनांक पर या उससे नीचे अपघटित होते हैं, को शुद्ध करने में किया जाता है।

कच्चे द्रव को आसवन फ्लास्क में गर्म करते हैं। जिसके साथ एक जल संघनित्र, ग्राही एवं निर्वात पम्प कसा रहता है। जैसे ही दाब कम किया जाता है, द्रव अपने सामान्य क्वथनांक से बहुत नीचे ताप पर उबलना शुरू होता है। वाष्पों को जल संघनित्र द्वारा संघनित कर लेते हैं एवं शुद्ध द्रव को ग्राही में एकत्र कर लेते हैं।

ग्लिसरॉल वायुमण्डलीय दाब के नीचे अपने क्वथनांक (563 *K*) पर अपघटित होता है। इसे 453 *K* एवं 12 *mm Hg* दाब के नीचे बिना अपघटित किये आसवित कर सकते हैं। इसी प्रकार गन्ने के रस को शर्करा उद्योग में कम दाब पर वाष्पन द्वारा सान्द्र करते हैं। जिससे बहुत अधिक ईंधन बचता है।

(vii) ***भाप आसवन*** (Steam distillation) : ये विधि उन कार्बनिक यौगिकों के शोधन एवं पृथक्करण में उपयोगी है जो कि (a) जल में घुलनशील हैं (b) भाप में वाष्पशील हैं (c) उच्च वाष्प दाब (10-15 *mm Hg*) उत्पन्न करते हैं एवं (d) अवाष्पशील अशुद्धि युक्त होते हैं।

एनिलीन (क्वथनांक 457 *K*) को भाप आसवन द्वारा शोधित किया जा सकता है क्योंकि ये भाप की उपस्थिति में 371.5 *K* ताप पर उबलती है। अन्य यौगिक जो भाप आसवन द्वारा शोधित किये जा सकते हैं निम्न हैं: नाइट्रोबेंजीन, ब्रोमोबेंजीन, *o*-नाइट्रोफिनॉल, सैलिसिलेल्डिहाइड, *o*-हाइड्रॉक्सी एसीटोफिनॉन, सुगन्धित तेल, तारपीन का तेल आदि।

(viii) ***एजियोट्रॉपिक आसवन*** (Azeotropic distillation) : एजियोट्रॉपिक आसवन अर्थात् किसी उपयुक्त ऊर्ध्वपातित विलेय का उपयोग कर प्रभाजी आसवन करना और एजियोट्रॉपिक मिश्रण वह मिश्रण है जिसका क्वथनांक स्थिर होता है। इसका प्रचलित उदाहरण एथेनॉल और जल का 95.87 : 4.13 अनुपात में मिश्रण है (यह अनुपात परिशोधित स्प्रिट में होता है)। ये 78.13°*C* पर उबलता है। स्थिर क्वाथी मिश्रण के घटक प्रभाजी आसवन द्वारा पृथक नहीं किये जा सकते। इसलिए स्थिर क्वाथी मिश्रण से घटकों को पृथक करने हेतु विशिष्ट प्रकार का आसवन प्रयुक्त किया जाता है।

इस विधि में एक तीसरा यौगिक आसवन में प्रयुक्त होता है। यह विधि इस तथ्य पर आधारित है कि निर्जलीकारक जैसे $C_6H_6$, $CCl_4$, डाईएथिल ईथर आदि। किसी एक प्रारम्भिक घटक का आंशिक दाब कम करते हैं। परिणामस्वरूप उस घटक का क्वथनांक पर्याप्त रूप से बढ़ जाता है जिससे अन्य घटक आसवित हो जाते हैं।

निर्जलीकारक जिनके निम्न क्वथनांक (उदाहरण $C_6H_6$, $CCl_4$, ईथर) होते हैं और ये जल की तुलना में एल्कोहल का आंशिक दाब अधिक कम करते हैं जबकि निर्जलीकारक जिनके उच्च क्वथनांक (ग्लिसरॉल, ग्लायकॉल) होते हैं एल्कोहल की तुलना में जल का आंशिक दाब कम करते हैं।

(ix) ***वर्णलेखन*** (Chromatography) : यह एक आधुनिक विधि है जिसका उपयोग मिश्रण को उसके घटकों में पृथक करने में, यौगिकों के शोधन में और यौगिकों की शुद्धता के परीक्षण में होता है। क्रोमेटोग्राफी नाम ग्रीक शब्द पर आधारित है। जिसमें क्रोमो का मतलब रंग और ग्राफी का मतलब लेखन है क्योंकि इस विधि का सर्वप्रथम उपयोग पौधों में पाये जाने वाले रंगीन पदार्थों के पृथक्करण में हुआ था। इस विधि का वर्णन 1906 में ***स्वेट*** (Tswett) ने किया था।

(a) *वर्णलेखन का सिद्धान्त :* वर्णलेखन की तकनीक इस सिद्धान्त पर आधारित है कि किसी मिश्रण के घटकों की सरंध्र माध्यम (स्थिर अवस्था) से गुजरने की दर कुछ विलायक या गैस (चलित अवस्था) के प्रभाव में अलग-अलग होती है। इसलिए इस तकनीक में दो अवस्था होती हैं। इनमें एक अधिक पृष्ठ क्षेत्र वाली स्थिर प्रावस्था जबकि दूसरी गतिशील प्रावस्था है जो कि स्थिर प्रावस्था पर धीरे-धीरे चलती है। स्थिर प्रावस्था या तो ठोस होती है या द्रव जबकि चलित अवस्था या तो द्रव हो सकती है या गैस।

(b) *वर्णलेखन के प्रकार :* स्थिर एवं चलित प्रावस्था की प्रकृति के आधार पर उपयोग में ली जाने वाली सामान्य वर्णलेखन तकनीक निम्न सारणी में हैं,

**सारणी : 22.1**

| वर्णलेखन का प्रकार | चलित/स्थिर प्रावस्था | उपयोग |
|---|---|---|
| अधिशोषण या स्तम्भ वर्णलेखन | द्रव / ठोस | बड़े पैमाने पर पृथक्करण |
| पतली परत वर्णलेखन (TLC) | द्रव / ठोस | गुणात्मक विश्लेषण (कार्बनिक यौगिकों की पहचान एवं अभिलक्षण) |
| उच्च प्रदर्शन द्रव वर्णलेखन (HPLC) | द्रव / ठोस | गुणात्मक एवं भारात्मक विश्लेषण |
| गैस.द्रव वर्णलेखन (GLC) | गैस / द्रव | गुणात्मक एवं भारात्मक विश्लेषण |
| विभाजन वर्णलेखन या आरोहण पेपर वर्णलेखन | द्रव / द्रव | ध्रुवीय कार्बनिक पदार्थों के गुणात्मक एवं भारात्मक विश्लेषण में (शर्करा, $\alpha$-एमीनो अम्ल एवं अकार्बनिक यौगिक) |

दी गई परिस्थितियों में किसी पदार्थ के लिए इसका मान निश्चित होता है। इसलिए $R_f$ मान के निर्धारण के द्वारा कई घटकों की पहचान सम्भव है।

(x) ***विभेदक निष्कर्षण*** (Differential extraction) **:** इस विधि का उपयोग कार्बनिक यौगिकों (ठोस या द्रव) का पृथक्करण फनल में उपयुक्त विलायक (उदाहरण बेंजीन, ईथर, क्लोरोफॉर्म, कार्बन टेट्राक्लोराइड आदि) द्वारा हिलाकर उसके जलीय विलयन से पृथक करने में होता है। विलायक का चयन इस आधार पर होना चाहिए कि वह जल के साथ अमिश्रणीय होना चाहिए किन्तु कार्बनिक पदार्थ को पर्याप्त हद तक घोल सके।

निष्कर्षण विलायक का उपयोग एक किश्त में न करते हुए कई किश्तों में करें जिससे निष्कर्षण अधिक दक्ष होता है (अधिक पूर्ण)।

इस विधि का उपयोग सामान्यतः अवाष्पशील *यौगिकों* के लिए करते हैं। उदाहरण के लिए *बेंजोइक अम्ल को जल से बेंजीन के प्रयोग द्वारा निष्कर्षित कर सकते हैं।*

(xi) ***रासायनिक विधियाँ*** **:** इन भौतिक विधियों के अलावा कई रासायनिक विधियों का उपयोग भी कार्बनिक यौगिकों के मिश्रण को पृथक करने में होता है। यह विधि एक श्रेणी के कार्बनिक पदार्थों के रासायनिक गुण के दूसरी श्रेणी से भिन्नता पर आधारित है। उदाहरण के लिए,

(a) फिनॉल को कार्बोक्सिलिक अम्ल से जलीय $NaHCO_3$ की क्रिया द्वारा पृथक किया जा सकता है क्योंकि कार्बोक्सिलिक अम्ल $NaHCO_3$ विलयन में घुलकर $CO_2$ निकालता है जबकि फिनॉल सामान्यतः क्रिया नहीं करता है।

(b) लकड़ी का भंजक आसवन (Destructive distillation) *पायरोलिग्नियस* अम्ल देता है जिसमें एसीटिक अम्ल (10%), एसीटोन (0.5%) एवं मेथेनॉल (3%) होता है। एसीटिक अम्ल को इस मिश्रण से चूने के जल द्वारा पृथक किया जा सकता है जिसमें एसीटिक अम्ल कैल्शियम लवण बनाता है। अभिक्रिया मिश्रण आसवन पर एसीटोन एवं मेथेनॉल का मिश्रण देता है। (जिसे प्रभाजी आसवन द्वारा अलग-अलग घटकों में पुनः पृथक किया जा सकता है) जबकि कैल्शियम लवण फ्लास्क के अवशेष में ही रह जाता है। कैल्शियम लवण को तनु *HCl* के साथ विघटित कर आसवन द्वारा एसीटिक अम्ल प्राप्त करते हैं।

(c) 1°, 2° एवं 3° एमीन को बेंजीन सल्फोनिल क्लोराइड (*हिंसबर्ग अभिकर्मक*) या *डाईएथिल ऑक्जेलेट* द्वारा पृथक कर सकते हैं।

(d) *व्यापारिक बेंजीन का शोधन :* व्यापारिक बेंजीन को कोलतार के आसवन से प्राप्त करते हैं। जिसमें 3–5% थायोफीन की अशुद्धि होती है जो कि सान्द्र $H_2SO_4$ द्वारा निष्कर्षण से पृथक की जाती है। यह शोधन इस तथ्य पर आधारित है कि थायोफीन का सल्फोनीकरण, बेंजीन की तुलना में अधिक आसानी से किया जा सकता है। इसलिए जब व्यापारिक बेंजीन को सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ पृथक्करण कीप में हिलाते हैं तो थायोफीन सल्फोनीकरण करती है एवं थायोफीन-2-सल्फोनिक अम्ल बनाती है जो कि सान्द्र $H_2SO_4$ में घुलनशील है, जबकि बेंजीन ऐसा नहीं करती।




थायोफीन थायोफीन-2 सल्फोनिक अम्ल (सान्द्र $H_2SO_4$ में विलेय है)

इस क्रिया के बाद बेंजीन परत अलग कर लेते हैं, इसे जल से धोकर अक्रिय $H_2SO_4$ से अलग कर लेते हैं। फिर इसे निर्जलीय $CaCl_2$ से शुष्क कर लेते हैं फिर आसवन से शुद्ध बेंजीन प्राप्त करते हैं।

(e) *परिशोधित स्प्रिट से परिशुद्ध एल्कोहल* : परिशोधित स्प्रिट (भारानुसार एथेनॉल : $H_2O, 95.87:4.13$) को चूने (*CaO*) के तुले हुए भार पर कुछ घण्टों के लिए रखते हैं फिर इसे रिफ्लक्स करते हैं। इस क्रिया के दौरान परिशोधित स्प्रिट में मौजूद जल *CaO* से संयोजित होकर $Ca(OH)_2$ बनाता है। जब इस परिणामी मिश्रण को आसवित करते हैं तो परिशुद्ध एल्कोहल आसवित होता है एवं $Ca(OH)_2$ रह जाता है।

**कार्बनिक पदार्थों का शुष्कन** (1) **ठोस के लिए** : अधिकांश ठोस सर्वप्रथम फिल्टर पेपर के मध्य दबाकर शुष्क किये जाते हैं। यौगिक जो $100^\circ C$ पर न तो विघटित होते हैं और न ही पिघलते हैं, $110^\circ C$ पर ओवन अथवा भाप में रखकर शुष्क किये जाते हैं। वे पदार्थ जो गर्म करने पर विघटित होते हैं उन्हें निर्वात डेसीकेटर जिसमें निर्जलीकारक जैसे गलित $CaCl_2$, सान्द्र $H_2SO_4$, $P_4O_{10}$, ठोस *KOH* या *NaOH* आदि होता है, में रखकर शुष्क करते हैं।

(2) **द्रव के लिए** : कार्बनिक द्रवों को सामान्यतः निर्जलीकारक जो रासायनिक रूप से उनसे क्रिया नहीं करते हैं, के साथ पूरी रात रखकर शुष्क करते हैं। सामान्यतः उपयोग किये जाने वाले निर्जलीकारक हैं चूना, निर्जलीय $CaCl_2$, गलित $CuSO_4, KOH$, धात्विक सोडियम या पोटेशियम आदि।

**कार्बनिक यौगिकों के शोधन के प्रमाण :** कार्बनिक यौगिकों की शुद्धता को उनके कुछ भौतिक नियतांक जैसे गलन बिन्दु, क्वथनांक, विशिष्ट घनत्व, अपवर्तनांक एवं श्यानता आदि को निर्धारित कर निश्चित किया जा सकता है। सामान्यतः स्पष्ट गलनांक (ठोसों के लिए) एवं क्वथनांक (द्रवों के लिए) को शोधन में प्रमाण की तरह प्रयुक्त करते हैं क्योंकि इनका प्रयोगशाला में निर्धारण आसान है। *एक शुद्ध कार्बनिक ठोस का निश्चित एवं स्पष्ट गलनांक होता है, जबकि अशुद्ध पदार्थ का कम एवं अनिश्चित गलनांक होता है।*

(1) **मिश्रित गलनांक :** दो अच्छी तरह से मिश्रित किये गये पदार्थों का गलनांक मिश्रित गलनांक कहलाता है। इसका उपयोग यौगिकों की शुद्धता को निश्चित करने में किया जा सकता है।

यौगिक जिसकी शुद्धता का परीक्षण करना होता है, उसे उसी यौगिक के शुद्ध नमूने के साथ मिश्रित करते हैं। इस मिश्रण का गलनांक निर्धारित करते हैं। यदि मिश्रण का गलनांक स्पष्ट एवं शुद्ध यौगिक के समान आता है, तो यह निश्चित होता है कि परीक्षण के अन्तर्गत यौगिक शुद्ध है। दूसरी ओर यदि मिश्रण का गलनांक शुद्ध यौगिक गलनांक से कम आता है, तो यौगिक शुद्ध नहीं होता है।

(2) **गुणात्मक विश्लेषण :** (तत्वों की पहचान)

कार्बनिक यौगिक के गुणात्मक विश्लेषण में सभी तत्व जो उसमें मौजूद हैं, की पहचान शामिल है।

**कार्बन और हाइड्रोजन का आँकलन :** कार्बन, कार्बनिक यौगिकों का आवश्यक घटक है जबकि हाइड्रोजन भी हमेशा उपस्थित होता है। शुष्क क्यूप्रिक ऑक्साइड के साथ कार्बनिक यौगिक को गर्म करने पर कार्बन $CO_2$ में ऑक्सीकृत होता है एवं हाइड्रोजन $H_2O$ में। $CO_2$ चूने के पानी द्वारा पहचानी जाती है जो उसे दूधिया कर देती है जबकि $H_2O$ निर्जलीय $CuSO_4$ (सफेद) द्वारा पहचाना जाता है जो इसे नीला कर देता है। इस विधि को **कॉपर ऑक्साइड परीक्षण** कहते हैं।

$$C + 2CuO \xrightarrow{\text{गर्म}} CO_2 + 2Cu$$

$$\underset{\text{चूने का पानी}}{Ca(OH)_2} + CO_2 \longrightarrow \underset{\text{दूधिया}}{CaCO_3} + H_2O$$

$$H_2 + CuO \xrightarrow{\text{गर्म}} H_2O + Cu$$

$$\underset{\substack{\text{रंगहीन} \\ \text{(निर्जलीय)}}}{CuSO_4} + 5H_2O \longrightarrow \underset{\substack{\text{नीला} \\ \text{(जलयोजित)}}}{CuSO_4.5H_2O}$$

परीक्षण के तहत यदि पदार्थ वाष्पशील द्रव या गैस हो, तो वाष्पों को ज्वलन नलिका में रखे गर्म कॉपर ऑक्साइड के ऊपर से प्रवाहित करते हैं एवं गैसीय उत्पाद का उपरोक्त अनुसार परीक्षण करते हैं।

**लैसग्ने विधि**

इसका उपयोग नाइट्रोजन, हैलोजन एवं सल्फर की पहचान करने में करते हैं। कार्बनिक यौगिक को शुष्क सोडियम के साथ गलन नलिका में गलित करते हैं एवं गलित द्रव्य को $H_2O$ के साथ निष्कर्षित कर उबालते एवं छानते हैं। छनित को सोडियम निष्कर्ष कहते हैं। जिसका उपयोग तत्वों ($C$ एवं $H$ के अलावा) की पहचान में करते हैं। परीक्षण, तालिका में दिये गये हैं।

- कार्बनिक यौगिक सहसंयोजक होते हैं जिनमें सामान्यतः आयनिक समूह नहीं होते। इसलिए सीधा परीक्षण सम्भव नहीं है।
- $Na$ के साथ गलन विलेय लवण (जैसे $NaCl, NaCN$ आदि) बनाते हैं जिनको आसानी से आँकलित कर सकते हैं।
- यह परीक्षण डाईएजो यौगिकों के लिए असफल है।
- कभी-कभी जब नाइट्रोजन अल्प मात्रा में उपस्थित हो, तो प्रूशियन ब्लू कोलॉइडी अवस्था में उपस्थित रहता है एवं विलयन हरा दिखता है।

**सारणी : 22.2 लैसग्ने विधि (तत्वों का आँकलन)**

| तत्व | सोडियम निष्कर्ष | निश्चित परीक्षण | अभिक्रिया |
|---|---|---|---|
| नाइट्रोजन | $Na + C + N \xrightarrow{\Delta} \underset{(S.E.)}{NaCN}$ | S.E.+ $FeSO_4 + NaOH$, उबाला और ठण्डा किया + $FeCl_3$ + सान्द्र $HCl$ नीला या हरा रंग | $2NaCN + FeSO_4 \longrightarrow Fe(CN)_2 + Na_2SO_4$<br>$Fe(CN)_2 + 4NaCN \longrightarrow \underset{\text{सोडियम फैरोसाइनाइड}}{Na_4[Fe(CN)_6]}$<br>$3Na_4[Fe(CN)_6] + 4FeCl_3 \xrightarrow{HCl} \underset{\text{फैरिक फैरो साइनाइड (प्रूशियन ब्लू)}}{Fe_4[Fe(CN)_6]_3} + 12NaCl$ |
| सल्फर | $2Na + S \xrightarrow{\Delta} \underset{(S.E.)}{Na_2S}$ | (i) S.E. + सोडियम नाइट्रोप्रुसाइड<br>(ii)S.E+ $CH_3CO_2H + (CH_3CO_2)_2Pb$ काला अवक्षेप | (i) $Na_2S + \underset{\text{सोडियम नाइट्रोप्रुसाइड}}{Na_2[Fe(CN)_5NO]} \longrightarrow \underset{\text{(जामुनी)}}{Na_4[Fe(CN)_5NO.S]}$ or $\underset{\text{सोडियम थायोनाइट्रोप्रुसाइड (बैंगनी)}}{Na_3[Fe(ONSNa)(CN)_5]}$<br>(ii) $Na_2S + (CH_3COO)_2Pb \xrightarrow{CH_3COOH} \underset{\text{काला अवक्षेप}}{PbS\downarrow} + 2CH_3COONa$ |
| हैलोजन | $Na + X \xrightarrow{\Delta} \underset{(S.E.)}{NaX}$<br>($X$ = $Cl, Br, I$) | S.E. $+HNO_3 + AgNO_3$<br>(i) सफेद अवक्षेप जलीय $NH_3$ में घुलनशील है। $Cl$ की उपस्थिति निश्चित करता है।<br>(ii) पीला अवक्षेप जलीय $NH_3$ में आंशिक घुलनशील, $Br$ की उपस्थिति निश्चित करता है।<br>(iii) पीला अवक्षेप जलीय $NH_3$ में अघुलनशील है, I की उपस्थिति निश्चित करता है। | $NaX + AgNO_3 \xrightarrow{HNO_3} \underset{\text{अवक्षेप}}{AgX\downarrow}$<br>$\underset{\text{सफेद अवक्षेप}}{AgCl} + 2NH_3(aq) \longrightarrow \underset{\text{विलेय}}{[Ag(NH_3)_2]Cl}$<br>$\underset{\text{पीला अवक्षेप}}{AgBr} + 2NH_3(aq) \rightarrow \underset{\text{आंशिक विलेय}}{[Ag(NH_3)_2]Br}$<br>$AgI + NH_3(aq) \longrightarrow$ अविलेय |
| नाइट्रोजन एवं सल्फर एक साथ | $Na + C + N + S \xrightarrow{\Delta} \underset{(S.E.)}{NaCNS}$<br>$Na$ के आधिक्य में बना हुआ थायोसाइनेट, सायनाइड और सल्फाइड में विघटित हो जाता है।<br>$NaCNS + 2Na \rightarrow NaCN$ $+Na_2S$ | नाइट्रोजन का परीक्षण लगाते हैं। जिसमें नीले या हरे रंग के स्थान पर रक्त के समान लाल रंग आता है जो $N$ एवं $S$ की उपस्थिति निश्चित करता है। | $3NaCNS + FeCl_3 \longrightarrow \underset{\text{फैरिक सल्फोसाइनाइड (रक्तलाल रंग)}}{[Fe(SCN)_3 \text{ or } [Fe(SCN)]Cl_2} + 3NaCl$ |

**सारणी : 22.3 तत्वों की पहचान के लिए अन्य विधियाँ**

| तत्व | परीक्षण |
|---|---|
| नाइट्रोजन | ***सोडा लाइम परीक्षण :*** कार्बनिक यौगिक के सूक्ष्म कण को सोडा लाइम $(NaOH + CaO)$ के साथ परखनली में तीव्रता से गर्म करते हैं, यदि अमोनिया गैस निकलती है तो वह नाइट्रोजन की उपस्थिति दर्शाती है। $\underset{\text{एसीटामाइड}}{CH_3CONH_2} + NaOH \xrightarrow{CaO} CH_3COONa + NH_3$. यह परीक्षण यद्यपि विश्वसनीय नहीं है क्योंकि कुछ यौगिक जैसे नाइट्रो, एजो आदि सोडा लाइम के साथ गर्म करने पर $NH_3$ नहीं निकालते। |
| सल्फर | ***ऑक्सीकरण परीक्षण :*** सल्फर का परीक्षण ऑक्सीकरण परीक्षण द्वारा भी करते हैं। कार्बनिक यौगिक को गलन मिश्रण (सोडियम कार्बोनेट एवं पोटेशियम नाइट्रेट का मिश्रण) के साथ गलित करते हैं। यदि कार्बनिक यौगिक में S उपस्थित हो तो वह सोडियम सल्फेट में ऑक्सीकृत हो जाता है। $Na_2CO_3 + S + 3O \longrightarrow Na_2SO_4 + CO_2$. गलित द्रव्य को जल में घोल लेते हैं एवं विलयन को हाइड्रोक्लोरिक अम्ल द्वारा अम्लीकृत कर लेते हैं फिर इसमें बेरियम क्लोराइड विलयन मिलाते हैं। सफेद अवक्षेप का निर्माण सल्फर की उपस्थिति सूचित करता है। $Na_2SO_4 + BaCl_2 \longrightarrow \underset{\text{(सफेद अवक्षेप)}}{BaSO_4} + 2NaCl$. |
| हैलोजन | ***बेलस्टीन परीक्षण*** *(कॉपर तार परीक्षण)* : एक कॉपर तार को बुन्सन ज्वाला में तब तक गर्म करते हैं जब तक हरी ज्वाला आना बन्द न हो जाये। गर्म किये गये सिरे को कार्बनिक यौगिक में डुबाकर पुनः गर्म करते हैं। वाष्पशील क्यूप्रिक हैलाइड बनने के कारण हरी अथवा हरी नीली ज्वाला प्रकट होती है। जो सूचित करती है कि कार्बनिक यौगिक में हैलोजन उपस्थित है। यद्यपि यह परीक्षण बहुत सुग्राही है किन्तु यह हैलोजन की उपस्थिति निश्चित नहीं करता। क्योंकि कुछ कार्बनिक पदार्थ जैसे यूरिया, थायोयूरिया, पिरिडीन, कार्बनिक अम्ल आदि जिनमें हैलोजन नहीं होता किन्तु वाष्पशील क्यूप्रिक सायनाइड के निर्माण के कारण ये परीक्षण देते हैं। ये परीक्षण यह नहीं बताता कि कौनसा हैलोजन उपस्थित है।<br>***ब्रोमीन और आयोडीन के लिए विशिष्ट परीक्षण*** *(परत परीक्षण)* : लैसग्ने निष्कर्ष के कुछ भाग को नाइट्रिक अम्ल के साथ उबालते हैं फिर इसमें कुछ बूँद $CS_2$ की मिलाते हैं तत्पश्चात् इसे लगातार हिलाते हुए इसमें धीरे–धीरे क्लोरीन जल मिलाते हैं।<br>$CS_2$ परत में नारंगी रंग का बनना ब्रोमीन की उपस्थिति निश्चित करता है, जबकि परत में बैंगनी रंग का बनना आयोडीन की उपस्थिति निश्चित करता है। $2NaBr + Cl_2 \longrightarrow \underset{CS_2 \text{ परत को नारंगी करता है}}{2NaCl + Br_2}$ य $2NaI + Cl_2 \longrightarrow \underset{CS_2 \text{ परत को बैंगनी करता है}}{2NaCl + I_2}$ |
| फॉस्फोरस | कार्बनिक यौगिक का सोडियम परॉक्साइड के साथ गलन द्वारा फॉस्फोरस की पहचान की जाती है जिसमें फॉस्फोरस, सोडियम फॉस्फेट में बदल जाता है। $2P + 5Na_2O_2 \longrightarrow 2Na_3PO_4 + 2Na_2O$ गलित द्रव्य को जल के साथ निष्कर्षित किया जाता है फिर इसे सान्द्र $HNO_3$ के साथ उबालते हैं तथा अमोनियम मोलिब्डेट मिलाते हैं, पीले अवक्षेप का बनना अथवा अमोनियम फॉस्फोमोलिब्डेट बनने के कारण रंग का आना फॉस्फोरस की उपस्थिति दर्शाता है।<br>$Na_3PO_4 + 3HNO_3 \xrightarrow{\Delta} H_3PO_4 + 3NaNO_3$<br>$H_3PO_4 + \underset{\text{अमोनियम मोलिब्डेट}}{12(NH_4)_2MoO_4} + 21HNO_3 \longrightarrow \underset{\text{अमोनियम फॉस्फोमॉलिब्डेट (पीला अवक्षेप)}}{(NH_4)_3PO_4.12MoO_3} + 21NH_4NO_3 + 12H_2O$ |
| ऑक्सीजन | ऑक्सीजन की पहचान के लिए कोई संतोषप्रद गुणात्मक विश्लेषण नहीं है। इसलिये इसकी उपस्थिति अप्रत्यक्ष रूप से ज्ञात करते हैं।<br>(i) यदि कार्बनिक यौगिक को अकेले शुष्क परखनली में नाइट्रोजन की उपस्थिति में गर्म करते हैं तो उसके ठण्डे भाग पर जल की बूंदों का बनना ऑक्सीजन की उपस्थिति सूचित करता है।<br>(ii) ऑक्सीजन की उपस्थिति ऑक्सीजन युक्त क्रियात्मक समूह द्वारा भी ज्ञात की जाती है। उदाहरण; हाइड्रॉक्सिल *(–OH)*, एल्डिहाइडिक *(–CHO)*, कार्बोक्सिलिक *(–COOH)* आदि। |

(3) **भारात्मक विश्लेषण** (तत्वों का आँकलन) **:** तत्वों के गुणात्मक विश्लेषण के बाद, अगले चरण में कार्बनिक यौगिकों के अणुसूत्र के निर्धारण में कई तत्वों का भार द्वारा आँकलन करते हैं जिसमें कि भार द्वारा पदार्थ का प्रतिशत संघटन ज्ञात किया जाता है। सामान्य रूप से मुख्य तत्वों के आँकलन के लिए कई विधियाँ प्रयोग में ली जाती हैं। जिनका वर्णन निम्न प्रकार है।

**सारणी : 22.4 कार्बनिक यौगिकों में तत्वों का भारात्मक विश्लेषण**

| तत्व | विधि एवं उसका सिद्धान्त | सूत्र |
|---|---|---|
| कार्बन एवं हाइड्रोजन | **लीबिग की ज्वलन विधि :** इस विधि में कार्बनिक यौगिक की ज्ञात मात्रा को शुद्ध एवं शुष्क क्यूप्रिक ऑक्साइड के साथ शुद्ध एवं शुष्क ऑक्सीजन की धारा में गर्म करते हैं। तब कार्बन $CO_2$ में ऑक्सीकृत होता है। जबकि $H_2$ जल में ऑक्सीकृत होता है। *C* एवं *H* का प्रतिशत गणना द्वारा ज्ञात कर लेते हैं<br>$C_xH_y + \left(x + \frac{y}{4}\right)O_2 \xrightarrow{\Delta} xCO_2 + \frac{y}{2}H_2O$ | (i) $C \text{ का } \% = \frac{CO_2 \text{ का भार}}{\text{कार्बनिक यौगिक का भार}} \times \frac{12}{44} \times 100$<br>(ii) $H \text{ का } \% = \frac{H_2O \text{ का भार}}{\text{कार्बनिक यौगिक का भार}} \times \frac{2}{18} \times 100$ |
| नाइट्रोजन | (i) ***ड्यूमा की विधि :*** उपयुक्त रासायनिक विधियों द्वारा तत्वीय नाइट्रोजन | |

| | | |
|---|---|---|
| | को आण्विक नाइट्रोजन में बदलते हैं। एवं उसका आयतन STP पर बदलता है।<br>$C + 2H + 3CuO \rightarrow CO_2 + H_2O + 3Cu$<br>$2N + CuO \rightarrow N_2 +$ नाइट्रोजन के ऑक्साइड<br>नाइट्रोजन के ऑक्साइड $+ Cu \rightarrow N_2 + CuO$ (पुनरूत्पादन)<br>(ii) ***जेल्डॉल विधि :*** उचित रासायनिक विधियों द्वारा कार्बनिक यौगिक में नाइट्रोजन, $NH_3$ में परिवर्तित होती है। परिवर्तन में ये $N_1$ $H_2SO_4$ के $V_1\ ml$ द्वारा अवशोषित होती है।<br>*N* (कार्बनिक यौगिक से) + सान्द्र $H_2SO_4 \xrightarrow{\Delta} (NH_4)_2SO_4$<br>$(NH_4)_2SO_4 + 2NaOH \longrightarrow Na_2SO_4 + 2H_2O + 2NH_3$ | *N* का % = $\frac{28}{22400} \times \frac{V}{W} \times 100$<br>जहाँ, *V*= $N_2$ का आयतन नाइट्रोमीटर में (*ml* में), NTP पर<br>*W*= लिए गये पदार्थ का भार<br>$N$ का % $= \frac{1.4 \times N \times V}{W}$<br>***Note :*** *यह विधि उन यौगिकों के लिए उपयुक्त नहीं है जिनकी रिंग में नाइट्रोजन होती है (उदाहरण पिरिडीन क्विनोलीन आदि) एवं यौगिक जिनमें नाइट्रो एवं एजो (– N = N –) समूह आदि होते हैं, इन यौगिकों में नाइट्रोजन पूर्ण रूप से $(NH_4)_2SO_4$ में नहीं बदलती।* |
| हैलोजन | (i) ***कैरियस विधि :*** यह विधि इस तथ्य पर आधारित है कि जब किसी हैलोजन युक्त *(Cl, Br, या I)* कार्बनिक यौगिक को सधूम नाइट्रिक अम्ल के साथ सिल्वर नाइट्रेट की उपस्थिति में सील बन्द नली में गर्म करते हैं तो सिल्वर हैलाइड बनता है। बने हुए सिल्वर हैलाइड के भार से हैलोजन के प्रतिशत की गणना कर लेते हैं। | $Cl$ का % $= \frac{35.5}{143.5} \times \frac{\text{बने हुए } AgCl \text{ का भार}}{\text{लिए गये पदार्थ का भार}} \times 100$<br>$Br$ का % $= \frac{80}{188} \times \frac{\text{बने हुए } AgBr \text{ का भार}}{\text{लिए गये पदार्थ का भार}} \times 100$<br>$I$ का % $= \frac{127}{235} \times \frac{\text{बने हुए } AgI \text{ का भार}}{\text{लिए गये पदार्थ का भार}} \times 100$ |
| | (ii) ***शिफ एवं पिरिया की विधि :*** इस विधि में सावधानी पूर्वक तुले हुए कार्बनिक पदार्थ (0.15 – 0.25 *g*) को लाइम एवं सोडियम कार्बोनेट $(CaO + Na_2CO_3)$ मिश्रण के साथ छोटी प्लेटिनम क्रूसीबल में गर्म करते हैं एवं ठण्डा कर तनु नाइट्रिक अम्ल में घोलते हैं। इसके बाद विलयन को छानते हैं एवं सिल्वर नाइट्रेट विलयन के साथ हैलोजन अवक्षेपित हो जाता है। इसके बाद कैरियस विधि अनुसार हैलोजन की गणना कर लेते हैं। | |
| सल्फर | ***कैरियस विधि*** : जब किसी सल्फर युक्त कार्बनिक यौगिक को सधूम नाइट्रिक अम्ल के साथ गर्म करते हैं तो सल्फर सल्फ्यूरिक अम्ल में ऑक्सीकृत हो जाता है। इसे बेरियम क्लोराइड विलयन मिलाकर, बेरियम सल्फेट अवक्षेप के रूप में एकत्र कर लेते हैं एवं सल्फर का प्रतिशत निकाल लेते हैं।<br>$S + HNO_3(\text{सधूम}) \xrightarrow{\text{गर्म}} H_2SO_4$<br>$H_2SO_4 + BaCl_2 \longrightarrow BaSO_4 + 2HCl$ | $S$ का % $= \frac{32}{233} \times \frac{\text{बने हुए } BaSO_4 \text{ का भार}}{\text{लिए गये पदार्थ का भार}} \times 100$ |
| फॉस्फोरस | ***कैरियस विधि :*** जब फॉस्फोरस युक्त कार्बनिक यौगिक को सधूम नाइट्रिक अम्ल के साथ गर्म करते हैं, तो फॉस्फोरस, फॉस्फोरिक अम्ल में ऑक्सीकृत हो जाता है इसे मैग्नीशिया मिश्रण मिलाकर मैग्नीशियम अमोनियम फॉस्फेट $MgNH_4PO_4$ अवक्षेप के रूप में एकत्र कर लेते हैं।<br>$(MgSO_4 + NH_4OH + NH_4Cl)$ मैग्नीशियम अमोनियम फॉस्फेट को धोकर, सुखाकर, जला लेते हैं तब ये मैग्नीशियम पायरोफॉस्फेट $(Mg_2P_2O_7)$ में बदल जाता है।<br>$2MgNH_4PO_4 \xrightarrow{\text{गर्म}} Mg_2P_2O_7 + 2NH_3 + H_2O$<br>पायरोफॉस्फेट के भार से पदार्थ में उपस्थित फॉस्फोरस के प्रतिशत की गणना कर लेते हैं। | $P$ का % $= \frac{62}{222} \times \frac{\text{बने हुए } Mg_2P_2O_7 \text{ का भार}}{\text{पदार्थ का लिया गया भार}} \times 100$ |
| ऑक्सीजन | (i) कार्बनिक यौगिक में ऑक्सीजन की प्रतिशत मात्रा का आँकलन अन्तर विधि द्वारा निकालते हैं। ऑक्सीजन के अतिरिक्त कार्बनिक यौगिक में उपस्थित सभी तत्वों का आँकलन कर लेते हैं। और उन सभी का प्रतिशत योग 100 से घटाकर ऑक्सीजन का प्रतिशत प्राप्त कर लेते हैं।<br>(ii) ***अलूसे की विधि :*** ऑक्सीजन युक्त कार्बनिक पदार्थ को ग्रेफाइट के साथ गर्म करते हैं एवं बने हुए *CO* को भारात्मक रूप से $I_2O_5$ के साथ $CO_2$ में बदल लेते हैं।<br>कार्बनिक यौगिक $\xrightarrow{\text{विखण्डन}}$ ऑक्सीजन<br>$O_2 + 2C \xrightarrow{1100^oC} 2CO$<br>$5CO + I_2O_5 \longrightarrow I_2 + 5CO_2$ | ऑक्सीजन का प्रतिशत = 100 – (सभी तत्वों के प्रतिशत का कुल योग)<br>$O \equiv CO \equiv CO_2$<br>16 ग्राम    44 ग्राम<br>$O$ का % $= \frac{16}{44} \times \frac{CO_2 \text{ का भार}}{\text{कार्बनिक यौगिक का भार}} \times 100$ |

(4) **आण्विक भार का निर्धारण :** कार्बनिक यौगिकों के आण्विक भार को कई विधियों द्वारा निर्धारित कर सकते हैं।

(i) ***वाष्पशील यौगिकों के लिए भौतिक विधियाँ***

(a) *विक्टर मेयर की विधि :* वाष्पशील द्रव एवं ठोस के आण्विक भार का निर्धारण ***एवोगेड्रो धारणा*** के अनुप्रयोग से आसानी से कर सकते हैं। जिसके अनुसार NTP पर किसी वाष्पशील पदार्थ की वाष्पों के 22.4 लीटर या 22400 मि.ली. का भार पदार्थ के आण्विक भार के बराबर होता है।

विक्टर मेयर विधि में वाष्पशील पदार्थ के ज्ञात भार को विक्टर मेयर नलिका में वाष्पित करते हैं। बनी हुई वाष्पें वायु का समान आयतन विभक्त नलिका में विस्थापित करती हैं। विभक्त नलिका में एकत्र वायु को प्रायोगिक परिस्थितियों के अन्तर्गत नाप लेते हैं। ये आयतन NTP अवस्थाओं में बदल लेते हैं।

गणना : कार्बनिक पदार्थ का भार $= W$ ग्राम

माना कि वायु का विस्थापित आयतन $= V_1$ मि.ली.

ताप $= T_1 K$

दाब (जलीय तनाव हटाने के बाद) $= p_1$ मि.मी.

माना NTP पर आयतन है $= V_2$ मि.ली. $= V_2$ मि.ली.

गैस समीकरण लगाने पर, $V_2 = \frac{p_1 \times V_1}{T_1} \times \frac{273}{760}$

$\because$ NTP पर $V_2$ मि.ली. वाष्प का भार = $Wg$

$\therefore$ NTP पर 22400 मि.ली. वाष्प का भार = $\frac{W}{V_2} \times 22400 = M$

**वैकल्पिक विधि :** पदार्थ का वाष्प घनत्व

$$= \frac{\text{NTP पर वाष्प के 1 मि.ली. का भार}}{\text{NTP पर हाइड्रोजन की वाष्प के 1 मि.ली. का भार}}$$

या वाष्प घनत्व $= \frac{W/V_2}{0.00009}$

($\because$ NTP पर $H_2$ के 1 मि.ली. का भार $= 0.00009$ ग्राम या $2/22400$)

या वाष्प घनत्व $= \frac{W}{V_2 \times 0.00009}$;

आण्विक भार, $M = 2 \times$ वाष्प घनत्व $= \frac{2W}{V_2 \times 0.00009}$

(b) *हॉफमेन की विधि :* ये विधि उन पदार्थों पर लागू होती है जो अपने क्वथनांक पर स्थायी नहीं होते हैं, लेकिन जो कम दाब पर बिना विघटित हुए वाष्पित हो सकते हैं। पदार्थ के ज्ञात भार को बैरोमापी नलिका में पारे के स्तम्भ के ऊपर वाष्पित करते हैं एवं बनी हुई वाष्पों को प्रमाणित कर लेते हैं। इसके बाद इसे NTP परिस्थिति में बदल लेते हैं। कार्बनिक पदार्थ का अणुभार निम्न सम्बन्ध द्वारा ज्ञात किया जा सकता है।

$$\text{आण्विक भार} = \frac{\text{पदार्थ का भार}}{\text{NTP पर वाष्पों का आयतन}} \times 22400$$

(ii) ***अवाष्पशील पदार्थों के लिए भौतिक विधियाँ*** : अवाष्पशील कार्बनिक पदार्थ के अणुभार का निर्धारण किया जा सकता है। विलायक के क्वथनांक में उन्नयन (Ebullioscopic विधि) या विलायक के हिमांक में अवनमन (Cryoscopic विधि) द्वारा जो कि पदार्थ के निश्चित भार को विलायक के निश्चित भार में घोलने से उत्पन्न होता है। यौगिक के अणुभार की गणना निम्न गणितीय सम्बन्ध द्वारा ज्ञात की जा सकती है:

(a) *क्वथनांक में उन्नयन :* अणुभार $= \frac{1000\, K_b \times w}{W \times \Delta T}$

जहाँ, $K_b =$ विलायक का मोलल उन्नयन नियतांक, $w =$ यौगिक का भार, $W =$ विलायक का भार

$\Delta T =$ विलायक के क्वथनांक में उन्नयन (प्रायोगिक निर्धारण)

(b) *हिमांक में अवनमन :* आण्विक भार $= \frac{1000\, K_f \times w}{W \times \Delta T}$

जहाँ, $K_f =$ विलायक का मोलल अवनमन नियतांक, $w =$ यौगिक का भार, $W =$ विलायक का भार

$\Delta T =$ विलायक के हिमांक में अवनमन (प्रायोगिक निर्धारण)

(iii) ***रासायनिक विधियाँ***

(a) *अम्लों के लिए सिल्वर लवण विधि :* यह इस तथ्य पर आधारित है कि कार्बनिक अम्ल के सिल्वर लवण को गर्म करने पर धात्विक सिल्वर का अवशेष बचता है।

$$\underset{\text{सिल्वर लवण}}{RCOOAg} \xrightarrow{\text{गर्म}} \underset{\text{सिल्वर (अवशेष)}}{Ag}$$

प्राप्त सिल्वर अवशेष के भार एवं लिए गये सिल्वर लवण के भार से, सिल्वर लवण के तुल्यांकी भार की गणना कर सकते हैं।

$$\frac{\text{सिल्वर लवण का तुल्यांकी भार}}{\text{सिल्वर का तुल्यांकी भार}} = \frac{\text{सिल्वर लवण का भार}}{\text{सिल्वर का भार}}$$

सिल्वर लवण का तुल्यांकी भार जानने के बाद, अम्ल का तुल्यांकी भार प्राप्त किया जा सकता है। अम्ल के आण्विक भार का निर्धारण निम्न सम्बन्ध की मदद से कर सकते हैं,

अम्ल का अणुभार = अम्ल का तुल्यांकी भार $\times$ क्षारीयता

गणना : (i) लिए गये सिल्वर लवण का भार $= w$ ग्राम

(ii) धात्विक सिल्वर का भार $= x$ ग्राम

$$\frac{\text{सिल्वर लवण का तुल्यांकी भार}}{\text{सिल्वर का तुल्यांकी भार}} = \frac{w}{x};$$

सिल्वर लवण का तुल्यांकी भार $= \frac{w}{x} \times 108$

माना कि अम्ल का तुल्यांकी भार $E$ है। सिल्वर लवण के निर्माण में, कार्बोक्सिलिक समूह का हाइड्रोजन परमाणु सिल्वर परमाणु, द्वारा प्रतिस्थापित होता है।

इसलिए सिल्वर लवण का तुल्यांकी भार $= E - 1 + 108 = E + 107$

इसलिए, $E + 107 = \frac{w}{x} \times 108$ या $E = \left[\frac{w}{x} \times 108 - 107\right]$

यदि $n$ अम्ल की भास्मिकता है, तब अम्ल का अणुभार $= \left[\frac{w}{x} \times 108 - 107\right] \times n$

(b) *क्षारों के लिए प्लेटिनी क्लोराइड विधि :* कार्बनिक क्षार क्लोरोप्लेटिनिक अम्ल, $H_2PtCl_6$ के साथ संयुक्त होकर अघुलनशील प्लेटिनिक क्लोराइड बनाता है, जिसके जलने पर धात्विक प्लेटिनम का अवशेष बचता है। प्लेटिनम लवण का भार एवं धात्विक प्लेटिनम का भार जानने के बाद प्लेटिनम लवण के आण्विक भार का निर्धारण कर सकते हैं। माना कि $B$, क्षार के एक अणु को दर्शाता है। यदि क्षार एक अम्लीय है तो लवण का सूत्र $B_2H_2PtCl_6$ होगा

$$B_2H_2PtCl_6 \xrightarrow{\text{गर्म}} Pt$$

$$\frac{\text{लवण का अणुभार}}{\text{प्लेटिनम का परमाणु भार}} = \frac{\text{प्लेटिनम लवण का भार}}{\text{प्लेटिनम का भार}}$$

माना कि $E$ क्षार का तुल्यांकी भार है।

लवण का अणुभार

$= 2E + 2 + 195 + 213 = 2E + 410$

इसलिए $\frac{2E+410}{195} = \frac{w}{x} = \frac{\text{प्लेटिनम लवण का भार}}{\text{प्लेटिनम का भार}}$ ;

$2E = \left[\frac{w}{x} \times 195 - 410\right]$ ; $E = \frac{1}{2}\left[\frac{w}{x} \times 195 - 410\right]$

क्षार का अणुभार = क्षार का तुल्यांकी भार × अम्लीयता = $E \times n$

यहाँ $n$ क्षार की अम्लीयता है।

(c) *अम्ल एवं क्षार के लिए आयतनात्मक विधि :* अम्ल के अणुभार का निर्धारण अम्ल के ज्ञात भार को जल में घोलकर विलयन के क्षार के मानक विलयन से अनुमापन द्वारा करते हैं। जिसमें फिनॉल्फ्थैलीन सूचक की तरह प्रयुक्त होता है। क्षार विलयन का प्रयुक्त आयतन ज्ञात होने पर अम्ल का भार, जिसे पूर्ण उदासीनीकरण के लिए सामान्य क्षार विलयन के 1000 मि.ली. की आवश्यकता होती है, गणित किया जा सकता है अम्ल का यह भार उसके तुल्यांकी भार के समतुल्य होगा

$\underbrace{1000 \text{ मि.ली.} N \text{ क्षारीय विलयन}}_{\text{क्षार का एक ग्राम तुल्यांक}} \equiv$ अम्ल का एक ग्राम तुल्यांक

गणना : माना कि कार्बनिक अम्ल के $w$ ग्राम को पूर्ण उदासीन करने के लिए $N$ क्षारीय विलयन के $V$ मि.ली. की आवश्यकता होती है।

$V$ मि.ली. $N$ क्षारीय विलयन $\equiv w$ ग्राम अम्ल

इसलिए 1000 मि.ली. $N$ क्षारीय विलयन $\equiv \frac{w}{V \times N_1} \times 1000$ ग्राम अम्ल

$\equiv$ एक ग्राम तुल्यांकी अम्ल

अम्ल का तुल्यांकी भार $\equiv \frac{w}{V \times N_1} \times 1000$

इसलिए अम्ल का अणुभार = तुल्यांकी भार × क्षारीयता

कार्बनिक क्षार के प्रकरण में क्षार के ज्ञात भार को अम्ल के प्रमाणित विलयन द्वारा अनुमापित करते हैं। प्रयुक्त अम्ल का आयतन मालूम होने पर कार्बनिक क्षार का भार जो कि सामान्य अम्ल विलयन के 1000 मि.ली. को उदासीन करने के लिए आवश्यक है, परिकलित कर सकते हैं क्षार का यह भार उनके तुल्यांकी भार के समतुल्य होगा।

$\underbrace{1000 \text{ मिली } N \text{ अम्ल विलयन}}_{\text{अम्ल का एक ग्राम तुल्यांक}} \equiv$ क्षार का एक ग्राम तुल्यांक

क्षार का अणुभार = तुल्यांकी भार × अम्लीयता

### (5) मूलानुपाती एवं अणुसूत्र की गणना

(i) ***मूलानुपाती सूत्र*** (Empirical formula) : *किसी पदार्थ का मूलानुपाती सूत्र उस पदार्थ के एक अणु में उपस्थित विभिन्न तत्वों के परमाणु के मध्य सरलतम सम्पूर्ण संख्या अनुपात की जानकारी देता है।* उदाहरण के लिए ग्लूकोज का मूलानुपाती सूत्र $CH_2O$ है मतलब प्रत्येक कार्बन के लिए, 2 हाइड्रोजन एवं 1 ऑक्सीजन होता है यद्यपि इसका अणुसूत्र $C_6H_{12}O_6$ है।

**मूलानुपाती सूत्र की गणना :** गणना में शामिल पद निम्न हैं,

(a) प्रत्येक तत्व के प्रतिशत को उसके परमाणु भार द्वारा भागित करते हैं यह परमाणु की आपेक्षिक संख्या देता है।

(b) प्रथम चरण में प्राप्त संख्या को न्यूनतम संख्या से भागित करते हैं। यह उसमें उपस्थित विभिन्न तत्वों के सरलतम अनुपात को देता है।

(c) यदि द्वितीय चरण से प्राप्त सरलतम अनुपात सम्पूर्ण संख्या अनुपात ना हो, तो सभी संख्याओं को उपयुक्त पूर्णांक जैसे 2, 3, आदि से गुणित कर इसे सरलतम सम्पूर्ण संख्या अनुपात बनाते हैं।

(d) विभिन्न तत्वों को एक के बाद एक क्रम में उपरोक्त संख्या के साथ लिखते हैं। जिन्हें प्रत्येक के नीचे की ओर दाहिनी तरफ लिखते हैं। यह मूलानुपाती अथवा सरलतम सूत्र देता है।

(ii) ***अणुसूत्र*** (Molecular formula) : *किसी पदार्थ का अणुसूत्र उसके एक अणु में उपस्थित सभी परमाणुओं की वास्तविक संख्या को बताता है।*

अणुसूत्र = $n \times$ मूलानुपाती सूत्र

यहाँ, $n$ साधारण पूर्णांक है 1, 2, 3,...... आदि। जो समीकरण द्वारा दिये जाते हैं,

$$n = \frac{\text{यौगिक का अणुभार}}{\text{यौगिक का मूलानुपाती सूत्र भार}}$$

यहाँ पदार्थ का अणुभार पूर्व में वर्णित किसी एक विधि द्वारा प्रायोगिक रूप से निर्धारित कर लेते हैं, मूलानुपाती सूत्र भार की गणना मूलानुपाती सूत्र में उपस्थित सभी परमाणु के परमाणु भार के जोड़ से करते हैं।

(iii) ***गैसीय हाइड्रोकार्बन का अणुसूत्र*** (यूडियोमिति)

यूडियोमिति गैसीय हाइड्रोकार्बन के अणुसूत्र के निर्धारण के लिए प्रत्यक्ष विधि है, जिसमें गैसीय हाइड्रोकार्बन में उपस्थित विभिन्न तत्वों का प्रतिशत संघटन एवं अणुभार की गणना किये बिना सीधे ही अणु सूत्र निकाला जाता है। इसके उपयोग में ली जाने वाली वास्तविक विधि में निम्न चरण शामिल हैं,

(a) गैसीय हाइड्रोकार्बन के ज्ञात आयतन को ऑक्सीजन के आधिक्य के साथ पारे की सतह पर रखी यूडियोमापी नली में मिलाते हैं।

(b) मिश्रण को दो प्लेटिनम इलेक्ट्रोड के बीच विद्युत चिंगारी से विस्फोटित करते हैं। परिणाम स्वरूप हाइड्रोकार्बन के कार्बन एवं हाइड्रोजन $CO_2$ एवं $H_2O$ वाष्पों में ऑक्सीकृत हो जाते हैं।

(c) नली को कमरे के ताप पर ठण्डा करते हैं तब जल वाष्प संघनित होकर द्रव जल देती हैं जिसका आयतन जलवाष्प की तुलना में नगण्य होता है, इस तरह, विस्फोटन एवं शीतलन के पश्चात् यूडियोमापी नली में बचे गैसीय मिश्रण में केवल $CO_2$ एवं अनुपयोगी $O_2$ होती है।

(d) इसके पश्चात् कास्टिक पोटाश या कास्टिक सोडा के विलयन को यूडियोमापी नली में लेते हैं जो $CO_2$ को पूर्ण रूप से अवशोषित कर लेता है एवं केवल अनुपयोगी $O_2$ नली में बचती है।

$$2NaOH + CO_2 \longrightarrow Na_2CO_3 + H_2O$$

इस तरह $NaOH$ या $KOH$ द्वारा बनी हुई $CO_2$ के आयतन के अवशोषण से आयतन में कमी होती है। कभी-कभी बचे हुए अनुपयोगी $O_2$ का आयतन पायरोगैलोल मिलाने पर आयतन में हुई कमी के द्वारा भी नोट किया जाता है।

गणना : बने हुए $CO_2$ के आयतन एवं उपयोग में आई कुल $O_2$ के आयतन से गैसीय हाइड्रोकार्बन के अणुसूत्र की गणना सम्भव है। इसे निम्न अभिक्रिया की सहायता से समझते हैं।

$$C_xH_y + (x + y/4)O_2 \longrightarrow xCO_2 + y/2H_2O$$

$1$ आयतन $(x + y/4)$ आयतन $x$ आयतन $y/2$ आयतन

(संघनन पर नगण्य आयतन)

उपरोक्त समीकरण से, यह प्रमाणित होता है कि हाइड्रोकार्बन के एक आयतन के लिए,

(a) $O_2$ का $(x + y/4)$ आयतन उपयोग में लिया जाता है।

(b) $CO_2$ का $x$ आयतन उत्पन्न होता है।

(c) $H_2O$ वाष्प का $y/2$ आयतन निर्मित होता है जो संघनित होकर द्रव $H_2O$ देता है। जिसका नगण्य आयतन होता है।

(d) विस्फोटन एवं शीतलन पर संकुचन

$= [(1 + x + y/4) - x] = 1 + y/4$

उपरोक्त दहन समीकरण से सैद्धान्तिक मान, प्रायोगिक मान के साथ समीकृत करते हैं, $x$ एवं $y$ के मान एवं गैसीय हाइड्रोकार्बन के अणुसूत्र की गणना आसानी से कर सकते हैं।

(6) **स्पेक्ट्रोस्कोपिक एवं विवर्तन विधि द्वारा संरचनाओं का निर्धारण** : कार्बनिक पदार्थो की संरचनायें स्पेक्ट्रोस्कोपिक एवं विवर्तन विधि द्वारा निर्धारित की जाती है।

## कार्बनिक यौगिकों का वर्गीकरण
## (Classification of organic compounds)

कार्बनिक यौगिकों को कार्बन ढाँचा (संरचना) या क्रियात्मक समूह या समरूपता की धारणा के आधार पर वर्गीकृत कर सकते हैं।

(I) **संरचना पर आधारित वर्गीकरण :**

(i) ***अचक्रीय या खुली श्रृंखला वाले यौगिक*** **:** कार्बनिक यौगिक जिनमें सभी कार्बन एक दूसरे से जुड़कर खुली श्रृंखला (सीधी या शाखित) बनाते हैं, अचक्रीय खुली श्रृंखला वाले यौगिक कहलाते हैं। ये या तो संतृप्त या असंतृप्त हो सकते हैं। उदाहरण के लिए,

$$\underset{\text{ब्यूटेन}}{CH_3CH_2CH_2CH_3} \qquad \underset{\text{आइसोब्यूटेन}}{CH_3-\overset{\overset{\displaystyle CH_3}{|}}{CH}-CH_3}$$

$$\underset{\text{1-ब्यूटीन}}{CH_3CH_2CH=CH_2} \qquad \underset{\text{3, 3-डाईमेथिल-1-ब्यूटाईन}}{CH_3-\overset{\overset{\displaystyle CH_3}{|}}{\underset{\underset{\displaystyle CH_3}{|}}{C}}-C\equiv CH}$$

इन यौगिकों को एलिफैटिक यौगिक कहते हैं।

(ii) ***चक्रीय या बन्द श्रृंखला वाले यौगिक*** **:** चक्रीय यौगिक में कम से कम एक चक्र या परमाणुओं की बन्द श्रृंखला होती है। यौगिक जिनमें परमाणुओं का केवल एक चक्र होता है *एकचक्रीय* यौगिक कहलाते हैं लेकिन वे जिनमें परमाणुओं के एक से अधिक चक्र हों *बहुचक्रीय* यौगिक कहलाते हैं। इन्हें दो उपवर्गों में विभाजित करते हैं।

(a) *समचक्रीय या कार्बचक्रीय (Homocyclic)* **:** ये वे यौगिक हैं जिनके अणु में केवल कार्बन परमाणुओं का चक्र होता है। कार्बचक्रीय या समचक्रीय यौगिकों को भी दो प्रकार से विभाजित कर सकते हैं :

**एलिसाइक्लिक यौगिक :** ये वे यौगिक हैं जिनमें तीन या अधिक कार्बन परमाणुओं का चक्र होता है। यह कई सन्दर्भ में एरोमैटिक के बजाय एलिफैटिक से समानता व्यक्त करते हैं। इसलिये इन्हें एलिसाइक्लिक नाम देते हैं जिसका अर्थ एलिफैटिक चक्र है। इन्हें पॉलीमेथिलीन भी कहते हैं। कुछ उदाहरण हैं,


साइक्लोप्रोपे


साइक्लोब्यूटे


साइक्लोहैक्सेन

**एरोमैटिक यौगिक :** इन यौगिकों में कम से कम एक बेंजीन चक्र होता है अर्थात् छः सदस्यीय कार्बन चक्र जिसमें एकान्तर क्रम में एकल एवं द्विबन्ध होते हैं। सामान्यतः इन यौगिकों में कुछ मधुर गंध होती है इसीलिये इन्हें एरोमैटिक नाम देते हैं (*ग्रीक शब्द ऐरोमा मतलब गंध*) इन्हें बेन्जीनोइड एरोमैटिक अणु भी कहते हैं।


बेंजीन (एकचक्रीय)


नेफ्थैलीन (द्विचक्रीय)

*नॉन बेंजीनोइड यौगिक* **:** *कुछ एरोमैटिक यौगिकों में संरचनात्मक इकाई बेंजीनोइड प्रकार से भिन्न होती है उन्हें नॉन बेंजीनोइड कहते हैं। उदाहरण ट्रोपोलोन, एजुलीन आदि।*



ट्रोपोलोन


एजुलीन

(b) *विषम चक्रीय यौगिक (Heterocyclic compounds):* चक्रीय यौगिक जिनमें एक या अधिक विषम परमाणु (उदाहरण *O, N, S* आदि) चक्र में हों विषम चक्रीय यौगिक कहलाते हैं। ये दो प्रकार के होते हैं:

**एलिसाइक्लिक विषम चक्रीय यौगिक :** विषम चक्रीय यौगिक जो एलिफैटिक यौगिकों के साथ उनके गुणों से समानता दर्शाते हैं एलिसाइक्लिक विषम चक्रीय यौगिक कहलाते हैं। उदाहरण के लिए,


ऑक्सीरेन या एपॉक्सीएथेन


टेट्राहाइड्रोफ्यूरेन (THF)


1, 4-डाईऑक्सेन


पाइरोलिडीन


पिपरीडीन

**एरोमैटिक विषम चक्रीय यौगिक :** विषम चक्रीय यौगिक जो बेंजीन एवं अन्य एरोमैटिक यौगिकों से उनके कई गुणों से समानता दर्शाते हैं, *एरोमैटिक विषम चक्रीय यौगिक* कहलाते हैं। उदाहरण के लिए:


फ्यूरेन


पायरोल


थायोफीन


पिरिडीन


क्विनोलिन



(2) **क्रियात्मक समूह पर आधारित वर्गीकरण :** *क्रियात्मक समूह, अणु में उपस्थित परमाणु या परमाणुओं का वह समूह है जो अणु को उसके अभिलाक्षणिक रासायनिक गुण देता है। द्विबन्ध एवं त्रिबन्ध को भी क्रियात्मक समूह की तरह मान्य कर सकते हैं।*

समान क्रियात्मक समूह वाले सभी यौगिक एक ही वर्ग को प्रदर्शित करते हैं। यौगिकों के कई वर्ग जिनमें कुछ सामान्य क्रियात्मक समूह होते हैं, तालिका में सूचीबद्ध हैं।

**सारणी : 22.5**

| वर्ग | क्रियात्मक समूह | वर्ग | क्रियात्मक समूह |
|---|---|---|---|
| ऑलीफीन्स / एल्कीन (ईन) | $>C=C<$ | अम्ल हैलाइड (एल्केनॉइल हैलाइड्स) | $-\overset{O}{\overset{\Vert}{C}}-X$ (अम्ल हैलाइड) |
| एसीटिलीन / एल्काइन (आइन) | $-C\equiv C-$ | एमाइड (एल्केनेमाइडस) | $-\overset{O}{\overset{\Vert}{C}}-NH_2$ (एमाइड) |
| एल्किल हैलाइड | $-F, -Cl, -Br, -I$ (हैलो) | अम्ल एनहाइड्राइड (एल्केनोइक एनहाइड्राइड) | $-\overset{O}{\overset{\Vert}{C}}-O-\overset{O}{\overset{\Vert}{C}}-$ (एनहाइड्राइड) |
| एल्कोहल (एल्केनॉल्स) | $-OH$ (हाइड्रॉक्सी) | एस्टर (एल्किल ऐल्केनोइट्स) | $-\overset{O}{\overset{\Vert}{C}}-O-\overset{\vert}{\underset{\vert}{C}}-$ (एस्टर) |
| ईथर (एल्कॉक्सी एल्केन्स) | $-\overset{\vert}{\underset{\vert}{C}}-O-\overset{\vert}{\underset{\vert}{C}}-$ (एल्कॉक्सी) | सायनाइड / नाइट्राइल (एल्केन नाइट्राइल) | $-C\equiv N$ (सायनो) |
| एल्डिहाइड (एल्केनल्स) | $-\underset{\underset{O}{\Vert}}{C}-H$ (एल्डिहाइडिक) | आइसोसायनाइड | $N\equiv C$ (आइसोसायनो) |
| कीटोन (एल्केनोन्स) | $-\overset{O}{\overset{\Vert}{C}}-$ (कार्बोनिल) | नाइट्रोयौगिक (नाइट्रोएल्केन्स) | $-N\begin{smallmatrix}\nearrow O\\ \searrow O\end{smallmatrix}$ (नाइट्रो) |
| कार्बोक्सिलिक अम्ल (एल्केनोइक अम्ल) | $-\overset{O}{\overset{\Vert}{C}}-OH$ (कार्बोक्सिल) | एमीन (एल्केनेमाइन्स) | $-N\begin{smallmatrix}H\\ H\end{smallmatrix}$ (एमीनो) |

(3) **सजातीय श्रेणी** (Homologous series) **:** *सजातीय श्रेणी को इस प्रकार से परिभाषित कर सकते हैं कि यौगिकों का वह समूह जिसमें अधिकांश सदस्यों के समान संरचनात्मक लक्षण एवं समान रासायनिक गुण हैं एवं सतत् सदस्य एक दूसरे के अणु सूत्र से $-CH_2$ समूह द्वारा अन्तर प्रकट करते हैं।*

**सजातीय श्रेणी के अभिलक्षण**

(i) श्रेणी के सभी सदस्य सामान्य सूत्र द्वारा प्रदर्शित किये जा सकते हैं। उदाहरण के लिए एल्कोहल परिवार के सदस्य सामान्य सूत्र $C_nH_{2n+1}OH$ द्वारा प्रदर्शित होते हैं। यहाँ, $n$ के मान 1, 2, 3..... आदि हो सकते हैं।

(ii) दो सतत सदस्य एक दूसरे से $-CH_2$ समूह द्वारा अपने सूत्र में अन्तर प्रकट करते हैं या 14 परमाणु भार इकाई द्वारा अन्तर प्रकट करते हैं $(12+2\times 1)$ ।

(iii) एक ही परिवार के विभिन्न सदस्यों में समान क्रियात्मक समूह होता है। उदाहरण, एल्कोहल परिवार के सदस्यों में $-OH$ समूह क्रियात्मक समूह की तरह होता है।

(iv) किसी परिवार के सदस्य जिनके लगभग समान रासायनिक गुण एवं भौतिक गुण जैसे गलनांक, क्वथनांक, घनत्व, विलेयता आदि होते हैं, परमाणु भार बढ़ने के साथ सही अन्तर दर्शाते हैं।

(v) किसी विशिष्ट श्रेणी में उपस्थित सदस्यों को लगभग उन्हीं विधियों द्वारा बनाया जा सकता है जो उनके बनाने की सामान्य विधियाँ हैं।

(4) **संतृप्त एवं असंतृप्त यौगिक :** यदि किसी कार्बनिक यौगिक में दो या दो से अधिक कार्बन परमाणु होते हैं और कार्बन परमाणुओं के मध्य एकल बन्ध हो तो यौगिक को संतृप्त यौगिक कहते हैं, उदाहरण :



एथेन; n-प्रोपिल एल्कोहल; एसीटेल्डिहाइड

दूसरी ओर यदि यौगिक में कम से कम एक जोड़ा संलग्न कार्बन का ऐसा हो जिसमें कार्बन बहुबन्ध से जुड़े हों तो यौगिक **असंतृप्त** कहलाता है। उदाहरणः एथिलीन, एसीटिलीन, विनाइल एल्कोहल, एक्रल्डिहाइड आदि।



एथिलीन

$H-C\equiv C-H$

एसीटिलीन



विनाइल एल्कोहल; एसीटेल्डिहाइड

## कार्बनिक यौगिकों का नामकरण
## (Nomenclature of organic compounds)

नामकरण का मतलब कार्बनिक यौगिकों को नाम प्रदान करना है। कार्बनिक यौगिकों के नामकरण की दो प्रमुख पद्धतियाँ हैं।

(1) **रूढ़ पद्धति :** यह कार्बनिक यौगिकों के नामकरण की प्राचीन विधि है। रूढ़िवादी नाम सामान्यतः स्त्रोत पर आधारित होते हैं एवं कुछ के नाम उनके गुणों या कुछ अन्य कारणों पर आधारित थे। चुने गये नाम का आधार लेटिन या ग्रीक था। उदाहरण के लिए,

(i) एसीटिक अम्ल के नाम का उद्‌गम विनेगर (सिरका) से होता है जिसका एसीटिक अम्ल मुख्य घटक है। (लेटिन : *एसीटम* = विनेगर)।

(ii) फॉर्मिक अम्ल, लाल चींटी से प्राप्त हुआ था। लाल चींटी के लिए ग्रीक शब्द *फॉर्मिकस* है।

(iii) ऑक्जेलिक अम्ल (*ऑक्जेलस*), मेलिक अम्ल (*पायरस मेलस*), साइट्रिक अम्ल (*सायट्रस*) आदि नाम वनस्पति स्त्रोत से उत्पन्न हुए जो उनके वंश शास्त्र में दिया गया है।

(iv) यूरिया एवं यूरिक अम्ल नाम की उत्पत्ति मूत्र से हुई जिसमें ये दोनों उपस्थित होते हैं।

(v) लकड़ी के भंजक आसवन से प्राप्त द्रव का नाम वुडस्प्रिट पड़ा बाद में इसका नाम मेथिल एल्कोहल पड़ा था। (ग्रीक : *मेथु* = स्प्रिट; *हुल* = लकड़ी)

(vi) ग्लूकोज (मीठा), पेण्टेन (पाँच), हैक्सेन (छः) आदि जैसे नामों की उत्पत्ति ग्रीक शब्दों से हुई है जो उनके गुणों अथवा संरचना को वर्णित करते हैं।

(vii) मेथेन को मार्श गैस कहा गया है क्योंकि इसकी उत्पत्ति मार्श (दलदल) से हुई। इसका नाम फायर डैम्प भी है क्योंकि यह वायु के साथ विस्फोटक मिश्रण बनाता है।

**सारणी : 22.6 *कुछ कार्बनिक यौगिकों के सामान्य या प्रचलित नाम***

| यौगिक | सामान्य नाम | यौगिक | सामान्य नाम |
|---|---|---|---|
| $CH_4$ | मेथेन | $CHCl_3$ | क्लोरोफॉर्म |
| $C_2H_2$ | एसीटिलीन | $CHI_3$ | आयोडोफॉर्म |
| $H_3CCH_2CH_2CH_3$ | *n*-ब्यूटेन | $CH_3CN$ | एसीटोनाइट्राइल |
| $(H_3C)_2CHCH_3$ | आइसोब्यूटेन | $CH_3COOH$ | एसीटिक अम्ल |
| $(H_3C)_4C$ | नियोपेण्टेन | $C_6H_6$ | बेंजीन |
| $HCHO$ | फॉर्मल्डिहाइड | $C_6H_5CH_3$ | टॉलुईन |
| $(H_3C)_2CO$ | एसीटोन | $C_6H_5NH_2$ | एनिलीन |
| $CH_3CH_2OH$ | एथिल एल्कोहल | $C_6H_5OH$ | फिनॉल |
| $CH_3CONH_2$ | एसीटामाइड | $C_6H_5OCH_3$ | एनिसॉल |
| $CH_3OCH_3$ | डाईमेथिल ईथर | $C_6H_5COCH_3$ | एसीटोफिनॉन |
| $(CH_3CH_2)_2O$ | डाईएथिल ईथर | $C_6H_5CONH_2$ | बेंजामाइड |

(2) IUPAC **पद्धति :** नामकरण के तन्त्र को एक समान करने के लिए *रसायनज्ञों* की अंतर्राष्ट्रीय काँग्रेस 1892 में जेनेवा में आयोजित की गई जिसमें निश्चित एकीकृत नियमों को नामकरण के लिए व्यवहार में लिया गया।

नामकरण की प्रणाली का नाम *जेनेवा प्रणाली* पड़ा। तब से नामकरण की प्रणाली को समय-समय पर शुद्ध एवं व्यवहारिक रसायन के अंतर्राष्ट्रीय संघ द्वारा संशोधित किया गया एवं नई प्रणाली को नामकरण की आई.यू.पी.ए.सी. (*IUPAC*) पद्धति कहा गया नामकरण की पद्धति को सर्वप्रथम 1947 में प्रस्तावित किया गया फिर इसमें समय-समय पर संशोधन किया गया। नामकरण के लिए सर्वाधिक प्रस्तावित नियम 1979 में प्रकाशित किये गये एवं इसके बाद इन्हें 1993 में संशोधित तथा नवीनीकृत किया गया। मौजूद अध्याय में वर्णित नियम IUPAC द्वारा 1979 में प्रकाशित पुस्तक (जे. रिगान्डे एवं एस. पी. क्लेसने द्वारा **कार्बनिक यौगिकों का नामकरण**) एवं 1993 में प्रकाशित पुस्तक (आर. पेनिको, डब्ल्यू. एच. पॉवेल एवं जे.सी. रिचर द्वारा कार्बनिक यौगिकों का नामकरण) पर आधारित है। इस प्रणाली की मदद से किसी भी कार्बनिक यौगिक, जिसमें कार्बन परमाणु की कोई भी संख्या हो का नामकरण आसानी से किया जा सकता है।

**कार्बनिक यौगिकों के नामकरण की आई.यू.पी.ए.सी. प्रणाली :** आई.यू.पी.ए.सी. प्रणाली में, कार्बनिक यौगिक के नाम के तीन भाग होते हैं, (i) मूल शब्द (ii) प्रत्यय (iii) उपसर्ग

(i) ***मूल शब्द*** (Word root): मूल शब्द श्रृंखला में उपस्थित कार्बन परमाणुओं की संख्या को दर्शाता है।

**सारणी : 22.7**

| श्रृंखला लम्बाई | मूल शब्द | श्रृंखला लम्बाई | मूल शब्द |
|---|---|---|---|
| $C_1$ | मेथ- | $C_{11}$ | अनडेक- |
| $C_2$ | एथ- | $C_{12}$ | डोडेक- |
| $C_3$ | प्रोप- | $C_{13}$ | ट्राइडेक- |
| $C_4$ | ब्यूट- | $C_{14}$ | टेट्राडेक- |
| $C_5$ | पेण्ट- | $C_{15}$ | पेण्टाडेक- |
| $C_6$ | हैक्स- | $C_{16}$ | हैक्साडेक- |
| $C_7$ | हेप्ट- | $C_{17}$ | हेप्टाडेक- |
| $C_8$ | ऑक्ट- | $C_{18}$ | ऑक्टाडेक- |
| $C_9$ | नॉन- | $C_{19}$ | नॉनाडेक- |
| $C_{10}$ | डेक- | $C_{20}$ | आइकोस- |

(ii) ***प्रत्यय*** (Suffix): मूल शब्द प्रत्यय से संलग्न होता है जो प्राथमिक या द्वितीयक दोनों हो सकता है।

(a) *प्राथमिक प्रत्यय :* प्राथमिक प्रत्यय मूल शब्द से जुड़ता है एवं सूचित करता है कि कार्बन श्रृंखला संतृप्त है या असंतृप्त है।

**सारणी : 22.8**

| कार्बन श्रृंखला का प्रकार | प्राथमिक प्रत्यय | सामान्य नाम |
|---|---|---|
| संतृप्त ($C-C$) | – ऐन | एल्केन |
| असंतृप्त ($C=C$) | – ईन | एल्कीन |
| असंतृप्त ($C\equiv C$) | – आइन | एल्काइन |

यदि पितृ कार्बन श्रृंखला में दो या अधिक द्विबन्ध या त्रिबन्ध उपस्थित हों तब आंकिक उपसर्ग जैसे **डाई** (दो के लिए), **ट्राई** (तीन के लिए), **टेट्रा** (चार के लिए) आदि प्राथमिक प्रत्यय के साथ जोड़ देते हैं।

(b) *द्वितीयक प्रत्यय :* प्राथमिक प्रत्यय जुड़ने के बाद द्वितीयक प्रत्यय मूल शब्द से जुड़ता है जो कार्बनिक यौगिक में उपस्थित क्रियात्मक समूह को दर्शाता है।

**सारणी : 22.9**

| कार्बनिक यौगिकों का वर्ग | क्रियात्मक समूह | द्वितीयक प्रत्यय |
|---|---|---|
| एल्कोहल | $-OH$ | – ऑल |
| एल्डिहाइड | $-CHO$ | – अल |
| कीटोन | $>C=O$ | – ऑन |
| कार्बोक्सिलिक अम्ल | $-COOH$ | – ओइक अम्ल |
| एस्टर | $-COOR$ | एल्किल........ ओएट |
| अम्ल क्लोराइड | $-COCl$ | – ऑयल क्लोराइड |
| अम्ल एमाइड | $-CONH_2$ | – एमाइड |
| नाइट्राइल | $-C\equiv N$ | – नाइट्राइल |
| एमीन | $-NH_2$ | – एमीन |
| थायोल | $-SH$ | – थायोल |

यह नोट किया जा सकता है कि जब द्वितीयक प्रत्यय को प्राथमिक प्रत्यय से जोड़ा जाता है तो प्राथमिक प्रत्यय के 'इ' को छोड़ देते हैं। यदि द्वितीयक प्रत्यय स्वर से शुरू हो किन्तु ये बना रहता है, यदि द्वितीयक प्रत्यय व्यंजक से शुरू हो। उदाहरण के लिए;

| **कार्बनिक यौगिक** | $CH_3CH_2OH$ | $CH_3CH_2CN$ |
|---|---|---|
| **मूल शब्द** | एथ | प्रोप |
| **प्राथमिक प्रत्यय** | एन (e)* | एन(*e*) |
| **द्वितीयक प्रत्यय** | ऑल | नाइट्राइल |
| **IUPAC नाम** | एथेनॉल | प्रोपेन नाइट्राइल |

प्राथमिक उपसर्ग से '*e*' को छोड़ा जाता है क्योंकि द्वितीयक प्रत्यय जो कि 'ऑल' है स्वर '*o*l' से शुरू होता है।

(iii) ***उपसर्ग*** (Prefix) : यौगिकों के आई.यू.पी.ए.सी. नामकरण में कई समूह क्रियात्मक समूह की तरह विचाराधीन नहीं होते हैं। इन्हें **प्रतिस्थापित** या **पार्श्व श्रृंखला** की तरह विचार करते हैं। इन्हें **उपसर्ग** की तरह दर्शाते हैं और किसी विशेष यौगिक के नाम के दौरान मूल शब्द से पहले रखते हैं। ये हो सकते हैं,

(a) *एल्किल समूह :* इन समूहों में एल्केन से एक हाइड्रोजन कम होता है। इनका नाम सम्बन्धित एल्केन से प्रत्यय **एन** को **इल** से प्रतिस्थापित कर सकते हैं। जैसेकि एल्केन – एन + इल = **एल्किल**

उदाहरण के लिये,

$CH_4$ : मेथेन बनता है

$CH_3-$ : मेथिल

$CH_3CH_3$ : एथेन बनता है

$CH_3CH_2-$ : एथिल

$CH_3CH_2CH_3$ : प्रोपेन बनता है

$CH_3CH_2CH_2-$ : प्रोपिल आदि

(b) *क्रियात्मक समूह जिन्हें मुख्य क्रियात्मक समूह की तरह विचार नहीं करते :* यदि यौगिक में एक से अधिक क्रियात्मक समूह हों तो उनमें से एक को मुख्य क्रियात्मक समूह की तरह मानते हैं और द्वितीयक प्रत्यय की तरह प्रयुक्त करते हैं। अन्य क्रियात्मक समूहों को प्रतिस्थापी की तरह मानते हैं और उपसर्ग से प्रदर्शित करते हैं।

**सारणी : 22.10**

| प्रतिस्थापी | उपसर्ग |
|---|---|
| $-F$ | फ्लोरो |
| $-Cl$ | क्लोरो |
| $-Br$ | ब्रोमो |
| $-I$ | आयोडो |
| $-NO$ | नाइट्रोसो |
| $-N=N-$ | डाईएजो |
| $-OCH_3$ | मेथॉक्सी |
| $-OC_2H_5$ | एथॉक्सी |
| $-NO_2$ | नाइट्रो |
| $-NH_2$ | एमीनो |
| $-OH$ | हाइड्रॉक्सी |

इस तरह किसी कार्बनिक यौगिक के पूर्ण आई.यू.पी.ए.सी. नाम को दर्शा सकते हैं:

उपसर्ग + मूल शब्द + प्राथमिक प्रत्यय + द्वितीयक प्रत्यय




**मूल शब्द :** पेण्ट (पाँच $C-C-C-C-C$)

**प्राथमिक प्रत्यय :** ईन ($C-2$ पर द्विबन्ध)

**द्वितीयक प्रत्यय :** ऑइक अम्ल ($-COOH$ समूह)

**उपसर्ग :** ब्रोमो ($C-4$ में $Br-$ समूह)

**आई.यू.पी.ए.सी. नाम :** ब्रोमो + पेण्ट + ईन + ओइक अम्ल या 4-**ब्रोमोपेण्ट-2-ईन-1-ओइक अम्ल**

## कार्बनिक यौगिकों में कार्बन परमाणु का वर्गीकरण
## (Classification of carbon atoms in organic compounds)

एल्केन अणु में कार्बन परमाणु को चार प्रकार से वर्गीकृत किया जा सकता जो हैं *प्राथमिक* (1°), *द्वितीयक* (2°), *तृतीयक* (3°) एवं चतुष्क (4°)। क्रियात्मक समूह युक्त कार्बनिक यौगिक में कार्बन परमाणु को α, β, γ, δ से निरूपित करते हैं।







## एल्किल समूह (Alkyl groups)

यह एक संयोजी समूह या मूलक होते हैं जिन्हें पैराफिन के अणु से एक हाइड्रोजन के निष्कासन से प्राप्त करते हैं। एल्किल समूह को दर्शाने के लिए प्रायः संकेत '*R*' का प्रयोग करते हैं।

$$\text{(एल्केन)}\ \underset{(R-H)}{C_nH_{2n+2}} \xrightarrow{-H} \underset{(R-)}{C_nH_{2n+1}}\ \text{(एल्किल समूह)}$$

एल्किल समूह का नाम सम्बन्धित पैराफिन से एन को छोड़कर अन्त में इल जोड़कर देते हैं।

| जनक संतृप्त हाइड्रोकार्बन | एल्किल समूह का नाम | संरचना |
|---|---|---|
| मेथेन | मेथिल | $CH_3 -$ |
| एथेन | एथिल | $CH_3 - CH_2 -$ |
| प्रोपेन | n-प्रोपिल | $CH_3 - CH_2 - CH_2 -$ |
| ब्यूटेन | n-ब्यूटिल | $CH_3 - CH_2 - CH_2 - CH_2 -$ |

एल्किल समूह जिन्हें संतृप्त हाइड्रोकार्बन से व्युत्पन्न किया जाता है एवं जिनमें तीन या अधिक कार्बन परमाणु होते हैं समावयवी रूपों में उत्पन्न होते हैं।

$CH_3CH_2CH_2CH_3$ ($n-$ ब्यूटेन) → $CH_3CH_2CH_2CH_2 - n-$ ब्यूटिल

$CH_3CH_2CH_2CH_3$ ($n-$ ब्यूटेन) → $\begin{matrix} CH_3CH_2 \\ CH_3 \end{matrix} > CH -$ द्वितीयक ब्यूटिल

इसी प्रकार, पेण्टेन में विभिन्न हाइड्रोजन परमाणुओं के निष्कासन से निम्न मूलक दिये जाते हैं,

$\underset{n-\text{पेण्टिल}}{CH_3CH_2CH_2CH_2CH_2-}$ ; $CH_3\underset{|\atop CH_3}{CH}CH_2CH_2-$ ; (आइसोपेण्टिल)

$CH_3\overset{CH_3}{\underset{CH_3}{C}}CH_2-$ (नियोपेण्टिल) ; $CH_3CHCH_2CH_2CH_3$ (द्वितीयक पेण्टिल) ; $CH_3\overset{CH_3}{C}CH_2CH_3$ (तृतीयक पेण्टिल)

सारणी : 22.11 *असंतृप्त समूह या मूलक*

| समूह | सामान्य नाम | आई.यू.पी.ए.सी.नाम |
|---|---|---|
| $CH_2 = CH -$ | विनाइल | एथिनिल |
| $CH_2 = \overset{2}{C}H - \overset{1}{C}H_2 -$ | एलिल | 2-प्रोपिनिल |
| $CH_3 - CH = \overset{1}{C}H -$ | – | 1-प्रोपिनिल |
| $HC \equiv C -$ | एसीटिलाइड | एथाइनिल |
| $HC \equiv \overset{2}{C} - \overset{1}{C}H_2 -$ | प्रोपारगिल | - 2- प्रोपिनिल |

## कार्बनिक यौगिकों के नामकरण के सामान्य नियम (General rules for naming organic compounds)

सामान्य प्रणाली में सभी समावयवी एल्केनों (जिनके समान अणुसूत्र होते हैं) के समान जनक नाम होते हैं। विभिन्न समावयवियों के नाम उपसर्ग द्वारा विभेदित किये जाते हैं। उपसर्ग अणु में शाखा का प्रकार प्रदर्शित करता है। उदाहरण के लिए,

(1) **उपसर्ग *-n*** (सामान्य) का उपयोग उन एल्केन के लिए होता है जिनमें सभी कार्बन सतत श्रृंखला बनाते हैं, बिना शाखित हुए।

$\underset{n-\text{ब्यूटेन}}{CH_3CH_2CH_2CH_3}$ ; $\underset{n-\text{पेण्टेन}}{CH_3CH_2CH_2CH_2CH_3}$

(2) **उपसर्ग आइसो** का उपयोग उन एल्केन के लिए होता है जिनमें एक मेथिल समूह सतत कार्बन श्रृंखला के अन्तिम से पहले वाले कार्बन परमाणु से जुड़ा रहता है।

$CH_3 - \underset{|\atop CH_3}{CH}CH_3$ (आइसोब्यूटेन) $\quad CH_3 - \underset{|\atop CH_3}{CH} - CH_2CH_3$ (आइसोपेण्टेन)

$CH_3 - \underset{|\atop CH_3}{CH}CH_2CH_2CH_3$ (आइसोहैक्सेन)

(3) **उपसर्ग नियो** का उपयोग उन एल्केन के लिए होता है जिनमें दो मेथिल समूह सतत् कार्बन श्रृंखला के अन्तिम कार्बन से पूर्व वाले कार्बन से जुड़े रहते हैं।

$CH_3 - \overset{CH_3}{\underset{CH_3}{C}} - CH_3$ (नियोपेण्टेन) $\quad CH_3 - \overset{CH_3}{\underset{CH_3}{C}} - CH_2 - CH_3$ (नियोहैक्सेन)

## जटिल कार्बनिक यौगिकों के नामकरण की आई.यू.पी.ए.सी. प्रणाली (IUPAC system of nomenclature of complex compounds)

किसी कार्बनिक यौगिक का नामकरण सामान्य जनक हाइड्रोकार्बन के नाम पर निर्भर रहता है जिनसे इनकी उत्पत्ति होती है। आई.यू.पी.ए.सी. प्रणाली में विभिन्न कार्बनिक यौगिकों के लिए नियमों का एक समूह होता है।

### (1) जटिल एलिफैटिक यौगिकों के नामकरण के लिए नियम जब कोई क्रियात्मक समूह उनमें उपस्थित न हो (संतृप्त हाइड्रोकार्बन या पैराफिन या एल्केन)

(i) ***लम्बी श्रृंखला नियम*** (Longest chain rule) **:** कार्बनिक यौगिक के नामकरण के प्रथम पद में एक लम्बी सतत कार्बन की श्रृंखला चुनते हैं। जो कि सीधी हो सकती है अथवा नहीं हो सकती। सतत् श्रृंखला को जनक श्रृंखला या मुख्य श्रृंखला कहते हैं और इससे लगी अन्य श्रृंखलाओं को पार्श्व श्रृंखला (प्रतिस्थापी) कहते हैं। उदाहरण




*यदि समान लम्बाई की दो श्रृंखला सम्भव हों, तो उस श्रृंखला को चुनते हैं जिसमें अधिकतम पार्श्व श्रृंखला या एल्किल समूह रहते हैं।*

(ii) ***प्रतिस्थापियों की स्थिति*** (Position of the substituent)**:** जनक श्रृंखला में कार्बन परमाणु का अंकन 1, 2, 3,....... आदि की तरह करते हैं इस अंकन को उस छोर से करते हैं जहाँ से प्रतिस्थापी समूह अधिक नजदीक हो। उदाहरण के लिए,

$\overset{5}{C}-\overset{4}{C}-\overset{3}{C}-\overset{X}{\underset{2}{C}}-\overset{1}{C}$ A(सही) $\qquad \overset{1}{C}-\overset{2}{C}-\overset{3}{C}-\overset{X}{\underset{4}{C}}-\overset{5}{C}$ B(गलत)

वह संख्या जो प्रतिस्थापी या पार्श्व श्रृंखला की स्थिति दर्शाती है उसकी स्थिति या लोकेण्ट (locant) कहलाती है।

$\overset{5}{C}H_3 - \overset{4}{C}H_2 - \overset{3}{C}H_2 - \overset{2}{C}H(CH_3) - \overset{1}{C}H_3$

2-मेथिल पेण्टेन

$\overset{1}{C}H_3 - \overset{2}{C}H_2 - \overset{3}{C}H - CH - CH_3$, $\overset{4}{C}H_2 - \overset{5}{C}H_2 - \overset{6}{C}H_3$

3-एथिल, हैक्सेन

(iii) ***लोकेण्ट*** *(locants)* ***का न्यूनतम सैट*** **:** जब दो या अधिक प्रतिस्थापी उपस्थित हो तब जनक श्रृंखला के उस सिरे को अंकन के लिए प्राथमिकता देते हैं जो लोकेण्ट का न्यूनतम सैट देता है।

इस नियम को **लोकेण्ट** (locant) **का न्यूनतम सैट** कहते हैं। इससे तात्पर्य है कि जब लोकेण्ट के दो या अधिक भिन्न सैट सम्भव हो, तब एक लोकेण्ट के सैट को दूसरे लोकेण्ट सैट से भिन्न-भिन्न सन्दर्भ में तुलना करते हैं। प्रत्येक को बढ़ती मात्रा के सन्दर्भ में, सर्वप्रथम भिन्नता को न्यूनतम सन्दर्भ मानते हैं। यह नियम प्रतिस्थापियों के व्यवहार के अनापेक्षितता में प्रयुक्त होता है। उदाहरण के लिए,

$$H_3\overset{6}{C}-\overset{5}{C}H-\overset{4}{C}H_2-\overset{3}{C}H-\overset{2}{C}H-\overset{1}{C}H_3$$
$$CH_3 \quad CH_3 \quad CH_3$$

लोकेण्ट्स : 2, 3, 5 का समूह (सही)

$$H_3\overset{1}{C}-\overset{2}{C}H-\overset{3}{C}H_2-\overset{4}{C}H-\overset{5}{C}H-\overset{6}{C}H_3$$
$$CH_3 \quad CH_3 \quad CH_3$$

लोकेण्ट्स : 2, 4, 5 का समूह (गलत)

लोकेण्ट का सही सैट 2, 3, 5 है ना कि 2, 4, 5 । प्रथम सैट द्वितीय सैट से न्यूनतम है। क्योंकि **पहला अन्तर** 3, 4 से कम है। (यह नोट करते हैं कि दोनों सैट में पहला लोकेण्ट 2; 2 समान है एवं पहला अन्तर द्वितीय लोकेण्ट 3, 4 के साथ है) हम इन्हें सन्दर्भ द्वारा तुलना कर सकते हैं जैसे 2-2, 3-4 (पहला अन्तर), 5-5। **अन्तर का पहला बिन्दु वरीयता के लिए विचार में लेते हैं।** इसी प्रकार निम्न यौगिक के लिए,

$$\overset{10}{C}H_3-\overset{9}{C}H_2-\overset{8}{C}H-\overset{7}{C}H-\overset{6}{C}H_2-\overset{5}{C}H_2-\overset{4}{C}H_2-\overset{3}{C}H_2-\overset{2}{C}H-\overset{1}{C}H_3$$
$$CH_3 \quad CH_3 \qquad\qquad CH_3$$

लोकेण्ट का सैट : 2, 7, 8 **(सही)** (योग =17)

$$\overset{1}{C}H_3-\overset{2}{C}H_2-\overset{3}{C}H-\overset{4}{C}H-\overset{5}{C}H_2-\overset{6}{C}H_2-\overset{7}{C}H_2-\overset{8}{C}H_2-\overset{9}{C}H-\overset{10}{C}H_3$$
$$CH_3 \quad CH_3 \qquad\qquad CH_3$$

लोकेण्ट का सैट : 3, 4, 9 **(गलत)** (योग =16)

लोकेण्ट का पहला सैट 2, 7, 8 द्वितीय सैट 3, 4, 9 से न्यूनतम है क्योंकि अन्तर के पहले बिन्दु पर 2 न्यूनतम है 3 से।

**न्यूनतम योग नियम :** पूर्व में यह नोट किया जा सकता है, कि दो या अधिक प्रतिस्थापी युक्त जनक श्रृंखला का अंकन इस प्रकार करते हैं कि **लोकेण्ट का योग न्यूनतम हो**। इस नियम को न्यूनतम योग नियम कहते हैं। उदाहरण के लिए नीचे दी गई एल्केन की कार्बन श्रृंखला का अंकन संरचना *A* की तरह करना चाहिए ना कि संरचना *B* के अनुसार,

$$CH_2-CH_3 \text{ (on C-4)}$$
$$CH_3-\overset{3}{C}H-\overset{4}{C}H-\overset{5}{C}H_2-\overset{6}{C}H_2-\overset{7}{C}H_3\,;$$
$$\overset{2}{C}H_2-\overset{1}{C}H_3 \text{ (on C-3)}$$

(*A*) **सही** लोकेण्ट का योग = 3+4=7

$$CH_2-CH_3 \text{ (on C-4)}$$
$$CH_3-\overset{5}{C}H-\overset{4}{C}H-\overset{3}{C}H_2-\overset{2}{C}H_2-\overset{1}{C}H_3$$
$$\overset{6}{C}H_2-\overset{7}{C}H_3 \text{ (on C-5)}$$

(*B*) **गलत** लोकेण्ट का योग = 4+5=9

*नामकरण की नवीनतम आई.यू.पी..ए.सी. प्रणाली के अनुसार, लोकेण्ट के न्यूनतम सैट को वरीयता देते हैं। यद्यपि ये न्यूनतम योग नियम का उल्लंघन करता है। उदाहरण के लिए,*

$$\overset{10}{C}H_3-\overset{9}{C}H_2-\overset{8}{C}H-\overset{7}{C}H-\overset{6}{C}H_2-\overset{5}{C}H_2-\overset{4}{C}H_2-\overset{3}{C}H_2-\overset{2}{C}H-\overset{1}{C}H_3$$
$$CH_3 \quad CH_3 \qquad\qquad CH_3$$

संरचना (A) (सही) लोकेण्ट का सैट = 2, 7, 8
लोकेण्ट का योग = 2 + 7 + 8 =17

$$\overset{1}{C}H_3-\overset{2}{C}H_2-\overset{3}{C}H-\overset{4}{C}H-\overset{5}{C}H_2-\overset{6}{C}H_2-\overset{7}{C}H_2-\overset{8}{C}H_2-\overset{9}{C}H-\overset{10}{C}H_3$$
$$CH_3 \quad CH_3 \qquad\qquad CH_3$$

संरचना (B) (गलत) लोकेण्ट का सैट = 3, 4, 9
लोकेण्ट का योग = 3 + 4 + 9 =16

इस यौगिक का अंकन 2, 7, 8 की तरह करते हैं ना कि 3, 4, 9 की तरह जो कि नवीनतम लोकेण्ट नियम के न्यूनतम सैट के अनुसार है। यद्यपि ये न्यूनतम योग नियम का उल्लंघन करता है।

(iv) ***समान प्रतिस्थापियों की संख्या एक से अधिक उपस्थित होने पर :*** यदि समान प्रतिस्थापी या पार्श्व श्रृंखला एक से अधिक बार पाई जाती है, तो उपसर्ग डाई, ट्राई, टेट्रा.........आदि प्रतिस्थापी के नाम के साथ जोड़ देते हैं। उदाहरण के लिए,

$$CH_3 \text{ (on C-2)}$$
$$\overset{5}{C}H_3-\overset{4}{C}H-\overset{3}{C}H_2-\overset{2}{C}-\overset{1}{C}H_3$$
$$CH_3 \qquad\quad CH_3$$

2, 2, 4-ट्राईमेथिलपेण्टेन

(v) ***भिन्न प्रतिस्थापियों का नामकरण :*** यदि दो या अधिक भिन्न प्रतिस्थापी या पार्श्व श्रृंखला अणु में उपस्थित हों तो उनका नाम वर्णमाला क्रम में उनकी स्थिति के साथ देते हैं।

$$CH_2CH_3 \text{ (on C-3)}$$
$$\overset{5}{C}H_3-\overset{4}{C}H_2-\overset{3}{C}-\overset{2}{C}H-\overset{1}{C}H_3$$
$$CH_3 \; CH_3 \text{ (on C-3, C-2)}$$

3-एथिल-2, 3-डाईमेथिलपेण्टेन

$$CH_3 \text{ (on C-2)} \quad CH_3 \text{ (on C-3)}$$
$$\overset{1}{C}H_3-\overset{2}{C}-\overset{3}{C}-CH_2-CH_3$$
$$CH_3 \text{ (on C-2)} \quad \overset{4}{C}H_3-\overset{5}{C}H_2-\overset{6}{C}H_3 \text{ (on C-3)}$$

3-एथिल-2, 2, 3-ट्राईमेथिलहैक्सेन

(vi) ***समतुल्य स्थिति पर विभिन्न प्रतिस्थापियों का नामकरण :*** ऐसी स्थिति जिसमें विभिन्न एल्किल समूह समतुल्य स्थिति पर हों तो जनक श्रृंखला का अंकन इस प्रकार करते हैं कि वर्णमाला क्रम में पहले आने वाले एल्किल समूह को न्यूनतम अंकन मिले।

$$\overset{6}{C}H_3-\overset{5}{C}H_2-\overset{4}{C}H-\overset{3}{C}H-\overset{2}{C}H_2-\overset{1}{C}H_3$$
$$CH_3 \quad C_2H_5$$

3-एथिल-4-मेथिल हैक्सेन

$$C_2H_5 \quad CH_3$$
$$\overset{1}{C}H_3-\overset{2}{C}H_2-\overset{3}{C}-\overset{4}{C}-\overset{5}{C}H_2-\overset{6}{C}H_3$$
$$C_2H_5 \quad CH_3$$

3, 3-डाईएथिल-4, 4-डाईमेथिल हैक्सेन

(vii) ***जटिल प्रतिस्थापियों का नामकरण*** (या प्रतिस्थापित प्रतिस्थापी) **:** यदि जनक श्रृंखला पर प्रतिस्थापी जटिल हो (जो कि शाखित हो) तो इसे प्रतिस्थापित एल्किल समूह की तरह नामित करते हैं और इस समूह के कार्बन परमाणु का अंकन जुड़ी हुई जनक श्रृंखला 1 की तरह करते हैं। इन प्रतिस्थापियों का नाम कोष्ठक में लिखते हैं ताकि जनक श्रृंखला के अंकन से उत्पन्न भ्रम को दूर किया जा सके। उदाहरण के लिए,

$$\overset{1}{C}H_3-\overset{2}{C}H_2-\overset{3}{C}H_2-\overset{4}{C}H_2-\overset{5}{C}H-\overset{6}{C}H_2-\overset{7}{C}H_2-\overset{8}{C}H_2-\overset{9}{C}H_3$$
$$\overset{1}{C}H-CH_3$$
$$\overset{2}{C}H-CH_3$$
$$\overset{3}{C}H_3$$

जटिल प्रतिस्थापी

5-(1, 2-डाईमेथिलप्रेपिल) नोनेन

जटिल प्रतिस्थापियों का नाम हमेशा कोष्ठक में लिखते हैं।

जब विभिन्न प्रतिस्थापियों का वर्णात्मक क्रम निर्धारित करते हैं तो जटिल प्रतिस्थापी का नाम उसके पूर्ण नाम के प्रथम अक्षर के साथ शुरू करते हैं। यह ध्यान रखा जा सकता है कि साधारण प्रतिस्थापियों के केस में गुणित उपसर्ग को विचारित नहीं करते साधारण प्रतिस्थापियों के नाम सर्वप्रथम वर्णात्मक क्रम में लाते हैं और फिर गुणित उपसर्ग इसमें डालते हैं। उदाहरण के लिए,

$$\overset{1}{C}H_3-\overset{2}{C}H_2-\overset{3}{C}H_2-\overset{4}{C}H_2-\overset{5}{C}H-\overset{6}{C}H_2-\overset{7}{C}H(CH_2-CH_3)-\overset{8}{C}H_2-\overset{9}{C}H_2-\overset{10}{C}H_2-\overset{11}{C}H_3$$

$$\text{C-5 पर: } \overset{1}{C}H-CH_3,\ \overset{2}{C}H-CH_3,\ \overset{3}{C}H_3$$

जटिल प्रतिस्थापी (1, 2-डाईमेथिलप्रोपिल)

5-(1, 2-डाईमेथिलप्रोपिल)-7-एथिल अनडेकेन

यह नोट किया जा सकता है कि डाईमेथिल प्रोपिल (जटिल प्रतिस्थापी) को अन्तर्गत वर्णात्मक क्रम में लाते हैं न कि *m* के अन्तर्गत इसलिये इसे एथिल (*e*) से पहले प्रमाणित करते हैं।

$$\text{जटिल प्रतिस्थापी (1, 1-डाईमेथिलप्रोपिल): } CH_3-\overset{1}{C}(CH_3)-\overset{2}{C}H_2-\overset{3}{C}H_3$$

$$\overset{9}{C}H_3-\overset{8}{C}H_2-\overset{7}{C}H_2-\overset{6}{C}H_2-\overset{5}{C}-\overset{4}{C}H_2-\overset{3}{C}H_2-\overset{2}{C}H_2-\overset{1}{C}H_3$$

$$\text{जटिल प्रतिस्थापी (2-मेथिलप्रोपिल): } \overset{1}{C}H_2-\overset{2}{C}H(CH_3)-\overset{3}{C}H_3$$

5-(1, 1-डाईमेथिलप्रोपिल) –5-(2-मेथिलप्रोपिल) नोनेन

प्रतिस्थापी डाईमेथिल को पहले प्रमाणित करते हैं क्योंकि ये *d* के अन्तर्गत वर्णात्मक होती है इसी प्रकार,

$$\overset{1}{C}H_3-\overset{2}{C}H_2-\overset{3}{C}H(C_2H_5)-\overset{4}{C}(CH_3)-\overset{5}{C}H_2-\overset{6}{C}H_2-\overset{7}{C}H(CH_3)-\overset{8}{C}H_2-\overset{9}{C}H_2-\overset{10}{C}H_3$$

$$\text{जटिल प्रतिस्थापी (1, 1-डाईमेथिलएथिल): } H_3C-\overset{1}{C}(CH_3)-CH_3\ (\overset{2}{C}H_3)$$

4-(1, 1-डाईमेथिलएथिल) –3-एथिल-4, 7-डाईमेथिलडेकेन

जब दो या अधिक जटिल प्रतिस्थापियों का नाम एक अनुरूप शब्द के संयोजन से बना हो तो प्रमाणिकता की प्राथमिकता उस प्रतिस्थापी को दी जाती है जिसमें जटिल प्रतिस्थापी के अन्दर विभेदन के प्रथम प्रमाणक बिन्दु पर न्यूनतम लोकेण्ट हो। उदाहरण के लिए,

$$\text{1-मेथिलब्यूटिल: } \overset{1}{C}H(CH_3)-\overset{2}{C}H_2-\overset{3}{C}H_2-\overset{4}{C}H_3$$

$$\overset{12}{C}H_3-\overset{11}{C}H_2-\overset{10}{C}H_2-\overset{9}{C}H_2-\overset{8}{C}H_2-\overset{7}{C}H-\overset{6}{C}H_2-\overset{5}{C}H-\overset{4}{C}H_2-\overset{3}{C}H_2-\overset{2}{C}H_2-\overset{1}{C}H_3$$

$$\text{2-मेथिलब्यूटिल: } \overset{1}{C}H_2-\overset{2}{C}H(CH_3)-\overset{3}{C}H_2-\overset{4}{C}H_3$$

– 5(1-मेथिलब्यूटिल)-7-(2-मेथिलब्यूटिल) डोडेकेन

प्रतिस्थापी (1-मेथिल ब्यूटिल) को पहले लिखा जाता है क्योंकि इसमें प्रतिस्थापी (2-मेथिल ब्यूटिल) से न्यूनतम लोकेण्ट होते हैं।

जब समान जटिल प्रतिस्थापी (एक ही प्रकार से प्रतिस्थापन) एक से अधिक बार पाये जाते हैं; तो इन्हें उपसर्ग *बिस* (दो के लिए), *ट्रिस* (तीन के लिए), *टेट्रा किस* (चार के लिए) आदि से गुणित कर प्रदर्शित करते हैं।

$$\overset{10}{C}H_3-\overset{9}{C}H_2-\overset{8}{C}H_2-\overset{7}{C}H_2-\overset{6}{C}H_2-\overset{5}{C}-\overset{4}{C}H_2-\overset{3}{C}H_2-\overset{2}{C}H(CH_3)-\overset{1}{C}H_3$$

$$\text{1,1 डाईमेथिलप्रोपिल: } CH_3-CH_2-C-CH_3$$

$$\overset{3}{C}H_3-\overset{2}{C}H_2-\overset{1}{C}(CH_3)-CH_3 \quad \text{1,1 डाईमेथिलप्रोपिल}$$

5, 5-बिस (1, 1-डाईमेथिलप्रोपिल)-2-मेथिलडेकेन

(viii) ***चक्रीय हाइड्रोकार्बन** (Cyclic hydrocarbon)* : इन यौगिकों में कार्बन श्रृंखला का ढ़ाँचा होता है जो बन्द होकर चक्र बनाता है। अणु में कार्बन परमाणु के चक्र का हाइड्रोकार्बन साइक्लोएल्केन कहलाता है। इनका सामान्य सूत्र $C_nH_{2n}$ होता है।

चक्रीय यौगिक का नाम सम्बन्धित सीधी श्रृंखला के एल्केन में उपसर्ग **साइक्लो** लगाकर दिया जाता है। उदाहरण के लिए,



$C_3H_6$, साइक्लोप्रोपेन



$C_4H_8$, साइक्लोब्यूटेन



$C_5H_{10}$, साइक्लोपेण्टेन



$C_6H_{12}$, साइक्लोहैक्सेन

यदि पाश्व श्रृखला उपास्थत हो तो पूर्व भाग में दिये गये नियम लागू होते हैं। उदाहरण के लिए,



मेथिलसाइक्लोहैक्सेन



एथिलसाइक्लोपेण्टेन

जब एक से अधिक पाश्र्व ... हो तो अंकन एक श्रृंखला के साथ प्रारंभ करते हैं जिससे अगली पार्श्व श्रृंखला सम्भावित न्यूनतम संख्या प्राप्त कर लेती है। उदाहरण के लिए,



1,3-डाईमेथिलसाइक्लोब्यूटेन



1-मेथिल-3-प्रोपिलसाइक्लोहैक्सेन (न कि 5-मेथिल-1-प्रोपिलसाइक्लोहैक्सेन)



3-एथिल-1, 1-डाईमेथिलसाइक्लोहैक्सेन

(न कि 1-एथिल-3,3-डाईमेथिलसाइक्लोहैक्सेन)

जब ए... के साथ एकल श्रृंखला से लगी हो या जब एक से अधिक चक्र तन्त्र एकल श्रृंखला से लगी हो तब इनका नाम सायक्लोएल्किलएल्केन की तरह दिया जाता है। उदाहरण के लिए,



$$-\overset{1}{C}H_2-\overset{2}{C}H_2-\overset{3}{C}H_2-\overset{4}{C}H_3$$

1-साइक्लोप्रोपिल ब्यूटेन



$$-CH_2-CH_2-CH_2-CH_2-CH_3$$

1-साइक्लोब्यूटिलपेण्टेन



1, 3-बिस (2-मेथिलसाइक्लोप्रोपिल) प्रोपेन



साइक्लोहैक्सिल साइक्लोहैक्सेन

प्रतिस्थापी साइक... ादि उपस्थित है) को संभव सबसे छोटी संख्या दी जाती है एवं अंकन इस तरह किया जाता है कि प्रतिस्थापी को न्यूनतम अंक मिलें।



3-मेथिलसाइक्लोहैक्स-1-ईन



2, 3-डाईमेथिलसाइक्लोपेण्ट-ईन

*आई.यू.पी.ए.सी. पद्धति के अनुसार, निश्चित रूढ़िवादी नाम या अर्द्धव्यवस्थित नाम अप्रतिस्थापी मूलकों के लिये प्रयुक्त होता है। उदाहरण के लिए निम्न नाम प्रयुक्त हो सकते हैं,*

| | |
|---|---|
| $(CH_3)_2CH-$ | आइसोप्रोपिल |
| $\begin{array}{l} CH_3-CH_2-CH- \\ \qquad\qquad\quad | \\ \qquad\qquad\ CH_3 \end{array}$ | *द्वितीयक* ब्यूटिल |
| $(CH_3)_2CH-CH_2-$ | आइसोब्यूटिल |
| $(CH_3)_3C-$ | *तृतीयक* ब्यूटिल |
| $(CH_3)_2CH-CH_2-CH_2-$ | आइसो पेण्टिल |
| $\begin{array}{ccccc} &&&& CH_3 \\ &&&& | \\ CH_3 & - & CH_2 & - & C- \\ &&&& | \\ &&&& CH_3 \end{array}$ | *तृतीयक* पेण्टिल |
| $(CH_3)_3C-CH_2-$ | नियोपेण्टिल |
| $(CH_3)_2CH-CH_2-CH_2-CH-$ | आइसोहैक्सिल |

किन्तु जब ये प्रतिस्थापित होते हैं, तब इन नाम को उसी तरह प्रयुक्त नहीं कर सकते। उदाहरण के लिए,

$$\begin{array}{ccccccccccccccc} &&&&&&&&&& CH_3 &&&& \\ &&&&&&&&&& | &&&& \\ &&&&&&&&&& CH_2 &&&& \\ &&&&&&&&&& | &&&& \\ \overset{8}{C}H_3 & - & \overset{7}{C}H_2 & - & \overset{6}{C}H_2 & - & \overset{5}{C}H & - & \overset{4}{C}H & - & \overset{3}{C} & - & \overset{2}{C}H_2 & - & \overset{1}{C}H_3 \\ &&&&&& | && | && | &&&& \\ &&&&&& CH_3-CH && CH_3 && CH_2-CH_3 &&&& \\ &&&&&& | &&&&&&&& \\ &&&&&& CH_3 &&&&&&&& \end{array}$$

3,3–डाईएथिल–5–आइसोप्रोपिल–4–मेथिल ऑक्टेन

यह नोट किया जा सकता है कि जब प्रतिस्थापियों का नाम वर्णात्मक क्रम में लिखा जाता है तो उपसर्ग *आइसो* एवं *नियो* को मूलभूत नाम का भाग मानते हुए विचार करते हैं। किन्तु उपसर्ग *द्वितीयक* एवं *तृतीयक* को मूलभूत नाम का भाग नहीं मानते हैं।

**(2) बहुक्रियात्मक समूह वाले कार्बनिक यौगिकों के आई.यू.पी.ए.सी. नाम के लिए नियम**

कार्बनिक यौगिक जिनमें दो या अधिक क्रियात्मक समूह होते हैं बहुक्रियात्मक यौगिक कहलाते हैं। इनका आई.यू.पी.ए.सी. नाम निम्न प्रकार से प्राप्त करते हैं,

(i) ***मुख्य क्रियात्मक समूह*** *(Principal functional group)*: यदि कार्बनिक यौगिक में दो या अधिक क्रियात्मक समूह उपस्थित हों, तो एक क्रियात्मक समूह को मुख्य क्रियात्मक समूह की तरह चुनते हैं जबकि बचे हुये क्रियात्मक समूह (जिन्हें द्वितीयक क्रियात्मक समूह भी कहते हैं) को प्रतिस्थापियों की तरह मानते हैं। निम्न क्रम को प्रयुक्त करते हैं जबकि मुख्य क्रियात्मक समूह का चुनाव किया जा रहा हो।

*सल्फोनिक अम्ल > कार्बोक्सिलिक अम्ल > एनहाइड्राइड > एस्टर > अम्ल क्लोराइड > अम्ल एमाइड > नाइट्राइल > एल्डिहाइड > कीटोन > थायोल > एल्कोहल > एल्कीन > एल्काइन* ।

सभी बचे हुये क्रियात्मक समूह जैसे कि हैलो (फ्लोरो, क्लोरो, ब्रोमो, आयोडो), नाइट्रोसो ($-NO$), –नाइट्रो ($-NO$), एमीनो ($-NH$) एवं एल्कोक्सी ($-OR$) को प्रतिस्थापी की तरह प्रयुक्त करते हैं।

**सारणी : 22.12**

| वरीयता का क्रम | उपसर्ग | प्रत्यय (अन्त) |
|---|---|---|
| $-SO_3H$ | सल्फो | सल्फोनिक अम्ल |
| $-COOH$ | कार्बोक्सी | – ओइक अम्ल |
| $-COOR$ | एल्कोक्सी कार्बोनिल | एल्किल एल्केनोएट |
| $-COX$ | हैलो फॉर्मिल | ओइल हैलाइड |
| $-CONH_2$ | कार्बेमॉयल | – एमाइड |
| $-C\equiv N$ | सायनो | – नाइट्राइल |
| $-CHO$ | फॉर्मिल | – अल |
| $>C=O$ | कीटो | – ओन |
| $-OH$ | हाइड्रॉक्सी | – ऑल |
| $-NH_2$ | एमीन | – एमीन |
| $C=C$ | – | – ईन |
| $-C\equiv C-$ | – | – आइन |
| $-O-$ | एल्कॉक्सी | – |
| $-X$ | हैलो | – |
| $-NO_2$ | नाइट्रो | – |

(ii) ***मुख्य श्रृंखला का चुनाव*** : कार्बन परमाणु की वह लम्बी सतत श्रृंखला चुनते हैं जिसमें मुख्य क्रियात्मक समूह एवं अधिकतम संख्या में द्वितीयक क्रियात्मक समूह तथा बहुबन्ध होते हैं। यदि कोई हों।

(iii) ***मुख्य श्रृंखला का अंकन*** : मुख्य श्रृंखला का अंकन इस तरह करते हैं कि मुख्य क्रियात्मक समूह को न्यूनतम सम्भावित अंक मिले उसके बाद द्विबन्ध एवं त्रिबन्ध तथा प्रतिस्थापी को लेते हैं।

मुख्य क्रियात्मक समूह > द्विबन्ध > त्रिबन्ध > प्रतिस्थापी

(iv) ***वर्णात्मक क्रम*** : द्वितीयक क्रियात्मक समूह एवं अन्य प्रतिस्थापी समूह के लिए उपसर्ग तथा स्थान अंकन की पहचान करते हैं। तत्पश्चात् इन्हें वर्णात्मक क्रम में मूल शब्द से पहले रखते हैं

$$\begin{array}{ccccccccc} && OH \text{ (प्रतिस्थापी)} &&&&&& \\ && | &&&&&& \\ \overset{5}{C}H_3 & - & \overset{4}{C}H & - & \overset{3}{C}H_2 & - & \overset{2}{C}H_2 & - & \overset{1}{C}OOH \text{ — मुख्य क्रियात्मक समूह} \end{array}$$

4-हाइड्रॉक्सी पेण्टेनोइक अम्ल

**(3) बहुक्रियात्मक यौगिक जिनमें दो से अधिक समान अंतिम क्रियात्मक समूह होते हैं :** आधुनिक अवधारणा के अनुसार (आई.यू.पी.ए.सी. नामकरण के लिए 1993 की प्रस्तावना), यदि एक अशाखित कार्बन श्रृंखला सीधे ही दो से अधिक समान क्रियात्मक समूह से जुड़ी हो, तो कार्बनिक यौगिक का नाम जनक एल्केन के व्युत्पन्न की तरह देते हैं जिसमें क्रियात्मक समूह के कार्बन परमाणु शामिल नहीं होते हैं। उदाहरण के लिए,

$$\begin{array}{ccccccc} &&& CN &&& \\ &&& | &&& \\ NC-\overset{3}{C}H_2 & - & & \overset{2}{C}H & - & \overset{1}{C}H_2 & -CN \end{array}$$

प्रोपेन-1,2,3 -ट्राईकार्बोनाइट्राइल
(पूर्व में 3 सायनोपेण्टेन, 1,5 डाईनाइट्राइल)

$$\begin{array}{ccccc} && COOH && \\ && | && \\ HOOC-\overset{5}{C}H_2\overset{4}{C}H_2 & - & \overset{3}{C}H & - & \overset{2}{C}H_2\overset{1}{C}H_2-COOH \end{array}$$

पेण्टेन-1,3,5 -ट्राईकार्बोक्सिलिक अम्ल
(पूर्व में 4-कार्बोक्सी हैप्टेन-1,7 -डाईओइक अम्ल)

उपरोक्त नियम के अनुसार साइट्रिक अम्ल का नाम इस तरह दिया जाता सकता है।

$$\begin{array}{ccccc} && COOH && \\ && | && \\ HOOC-\overset{1}{C}H_2 & - & \overset{2}{C} & - & \overset{3}{C}H_2-COOH \\ && | && \\ && OH && \end{array}$$

2-हाइड्रॉक्सीप्रोपेन-1, 2, 3-ट्राईकार्बोक्सिलिक अम्ल
(पूर्व में 3-कार्बोक्सी-3-हाइड्रॉक्सीपेण्टेन-1, 5-डाईओइक अम्ल)

## कार्बनिक यौगिकों का बन्ध–रेखा अभिलेखन
**(Bond-line notation of organic compounds)**

कभी-कभी कार्बन परमाणुओं के मध्य बन्धों को रेखाओं द्वारा प्रदर्शित किया जाता है। उदाहरण के लिए, *n*-हैक्सेन में छः कार्बन परमाणुओं की सतत श्रृंखला होती है। जिन्हें इस प्रकार से प्रदर्शित किया जा सकता है।

$$CH_3-CH_2-CH_2-CH_2-CH_2-CH_3$$

$n$ – हैक्सेन



इस अभिलेखन में, कार्बन परमाणुओं को रेखा अन्तों एवं मध्यकाटों द्वारा प्रदर्शित करते हैं (line ends and intersections)। यह माना जाता है कि हाइड्रोजन परमाणु की आवश्यक संख्या कार्बन की चतुसंयोजकता को संतृप्त करने के लिए उपस्थित रहती है। एकल रेखा एकल बन्ध ($C-C$) को प्रदर्शित करती है, दो समान्तर रेखाएँ द्विबन्ध ($C=C$) को प्रदर्शित करतीं हैं एवं तीन समान्तर रेखाएँ त्रिबन्ध ($C\equiv C$) को प्रदर्शित करती हैं। उदाहरण के लिए,



1-मेथिल-3-प्रोपिलसाइक्लोहैक्सेन



3-एथिल-1, 1-डाईमेथिलसाइक्लोहैक्सेन
(नाकि 1-एथिल-3, 3-डाईमेथिलसाइक्लोहैक्सेन)



3-मेथिलसाइक्लोहैक्स-1-ईन



3-साइक्लोहैक्सिलब्यूटेन-2-ऑल



1, 3-डाईमेथिलसाइक्लोहैक्स-1-ईन



4-हाइड्रॉक्सी-4-मेथिल पेण्टेन-2-ओन



3-एथिल पेण्टा-1, 3-डाई ईन



3, 3, 5-ट्राईमेथिलहैक्स-1-ईन-2-ऑल



5, 6-डाईमेथिलसाइक्लोहैक्स-2-ईन-1-ऑन

## द्विचक्रीय यौगिकों का नामकरण
**(Nomenclature of bicyclic compounds)**

कई हाइड्रोकार्बन एवं उनके व्युत्पन्न में दो संलयित या सेतु चक्र होते हैं। दोनों चक्र के उभय सामान्य कार्बन को सेतु सिरा परमाणु कहते हैं एवं दोनों सेतु सिरा को जोड़ने वाले प्रत्येक बन्ध या कार्बन परमाणु की श्रृंखला को सेतु कहते हैं। सेतु में 0, 1, 2.... आदि कार्बन परमाणु हो सकते हैं। उदाहरण के लिए,




इन द्विचक्रीय यौगिकों का नाम हाइड्रोकार्बन के नाम के साथ उपसर्ग *बाइसाइक्लो* जोड़ कर दिया जाता है जिनमें कुल कार्बन परमाणु की संख्या दोनों चक्र के समान होती है। दो सेतु सिरा कार्बन परमाणु को जोड़ने वाले तीन सेतुओं में प्रत्येक के कार्बन परमाणु का अंकन अरेबिक संख्याओं द्वारा दिया जाता है, जो कि 0, 1, 2..... आदि है। इन अरेबिक संख्याओं को घटते क्रम में व्यवस्थित करते हैं एवं एक दूसरे से पूर्णविराम द्वारा पृथक करते हैं एवं चौकोर कोष्ठक में बंद करते हैं। हाइड्रोकार्बन के पूर्ण आई.यू.पी.ए.सी. नाम को इन चौकोर कोष्ठक जिनमें अरेबिक संख्या होती है को उपसर्ग बाइसाइक्लो एवं एल्केन के नाम के बीच रखकर प्राप्त करते हैं। उदाहरण के लिए,



बाई साइक्लो [2, 2, 1] हैप्टेन
(नॉर्बोरनेन भी कहलाती है)



बाई साइक्लो [3, 1, 1] हैप्टेन



बाई साइक्लो [2, 2, 2] ऑक्टेन



बाई साइक्लो [4, 4, 0] डेकेन
(डेकेलिन भी कहलाती है)



बाई साइक्लो [1, 1, 0] ब्यूटेन

यदि कोई प्रतिस्थापी उपस्थित हो तो द्विचक्रीय रिंग तंत्र का अंकन किया जाता है। अंकन किसी सेतु सिरा परमाणु से प्रारम्भ करते हैं जिसे पहले सबसे लंबे सेतु से आगे बढ़ाते हुये द्वितीय सेतु सिरा परमाणु तक करते हैं तथा अगले सबसे लंबे सेतु की ओर प्रथम सेतु सिरा परमाणु तक करते हैं तथा अगले सबसे लंबे सेतु की ओर प्रथम सेतु सिरा परमाणु तक आगे बढ़ाते हैं तथा सबसे छोटे पथ द्वारा पूर्ण करते हैं उदाहरण के लिये,



8-क्लोरोबाईसाइक्लो [3, 2, 1]ऑक्टेन



8-मेथिलबाईसाइक्लो [4, 3, 0]नोनेन



2, 6, 6-ट्राईमेथिलबाईसाइक्लो [3, 1, 1] हैप्ट-2-ईन

## स्पाइरो यौगिकों का नामकरण
**(Nomenclature of spiro compounds)**

यौगिक जिनमें एक कार्बन परमाणु दो भिन्न चक्रों में समान होता है **स्पाइरो यौगिक** कहलाते हैं। स्पाइरो यौगिकों के लिए आई.यू.पी.ए.सी. नाम की शुरूआत शब्द स्पाइरो के साथ करते हैं। इसके बाद चौकोर कोष्ठक जिसमें कार्बन परमाणु की संख्या बढ़ते क्रम में होती है लिखते हैं, इसमें प्रत्येक चक्र स्पाइरो कार्बन से जुड़ा होता है, इसके बाद जनक हाइड्राकार्बन जिसमें कुल कार्बन परमाणु की संख्या दोनों चक्र के कार्बन परमाणु की संख्या के समान होती है को लिखते हैं। प्रतिस्थापियों की स्थिति अंकन द्वारा निर्देशित करते हैं।

अंकन की शुरूआत स्पाइरो कार्बन से लगे कार्बन के साथ करते हैं एवं सर्वप्रथम इसे छोटे चक्र पर बढ़ाते हैं इसके बाद स्पाइरो परमाणु और अंत में बड़े चक्र के चारों ओर।

उदाहरण के लिए



स्पाइरो [2.4] हैप्टेन




2-क्लोरोस्पाइरो [3.5] डेकेन

## विशिष्ट यौगिकों का नामकरण
**(Nomenclature of special compounds)**

अशाखित समुदाय जिसमें दो या अधिक एकसमान हाइड्रोकार्बन इकाई एकल बन्ध द्वारा जुड़ी होतीं हैं उनका नाम उपयुक्त संख्यात्मक उपसर्ग जैसे *बाइ* दो के लिए, *टर* तीन के लिए, *क्वार्टर* चार के लिए, *क्विनक्यू* पाँच के लिए आदि को पुनः आवर्तित हाइड्रोकार्बन के नाम से पहले लिखकर करते हैं। इसकी शुरूआत किसी भी सिरे से करते हैं, प्रत्येक पुनः आवर्तित हाइड्रोकार्बन इकाई के कार्बन परमाणु का अंकन प्रधान अरेबिक संख्या एवं अप्रधान अरेबिक संख्या के साथ करते हैं। ये संख्यायें 1, 2, 3...., 1', 2', 3' ....., 1'', 2'', 3''..... आदि की तरह होती हैं। पुनः आवर्तित हाइड्रोकार्बन इकाई के जुड़ाव के बिन्दु को नाम से पहले उपयुक्त लोकेण्ट को रखकर प्रदर्शित करते हैं। उदाहरण के लिए,



1, 1' -बाइसाइक्लोप्रोपेन



1, 1', 2', 1'' -टरसाइक्लोब्यूटेन

अपवाद स्वरूप अशाखित समुदाय जिसमें बेंजीन वलय होती है उनका नाम उपयुक्त उपसर्ग फेनिल के साथ दिया जाता है बेंजीन के साथ नहीं दिया जाता। उदाहरण के लिए,



1, 1', 4', 1'' –टरफेनिल

❑ *यदि समान वरीयता के दो परमाणु/समूह जनक श्रृंखला में दोनों सिरों से एकसमान स्थान पाते हैं तो न्यूनतम अंक उन परमाणु/समूह को दिया जाना चाहिए जिनका उपसर्ग वर्णात्मक क्रम में पहले आता है। उदाहरण के लिए ,*

$$\overset{4}{C}l\,\overset{4}{C}H_2\overset{3}{C}H_2\overset{2}{C}H_2\overset{1}{C}H_2Br$$

1-ब्रोमो-4-क्लोरोब्यूटेन

$$\overset{5}{C}H_3-\overset{4}{C}H(OCH_3)-\overset{3}{C}(=O)-\overset{2}{C}H(OCH_2CH_3)-\overset{1}{C}H_3$$

2 एथॉक्सी-4-मेथॉक्सी पेण्टेन-3-ओन

❑ *जब दो या अधिक उपसर्ग का एकसमान शब्द हो, प्रमाण की वरीयता उस समूह को दी जाती है जिसमें अन्तर के प्रथम बिन्दु पर न्यूनतम लोकेण्ट हो। उदाहरण के लिए,*



1-(2-क्लोरोफेनिल)-2-(4-क्लोरोफेनिल) एथेन

❑ *यदि यौगिक में बेंजीन चक्र हो जो एलिसाइक्लिक चक्र से युग्मित होता हो तो उसका नाम बेंजीन के व्युत्पन्न की तरह देते हैं, इसका तात्पर्य है कि यौगिक जिनमें हाइड्रोजनीकरण की न्यूनतम अवस्था होती है। उदाहरण के लिए,*



1-(2-मेथिलसाइक्लोहैक्सिल)-4-नाइट्रोबेंजीन

*नामकरण की सामान्य पद्धति में, उपसर्ग आइसो एवं नियो का प्रयोग केवल उन हाइड्रोकार्बन के लिए होता है जिनमें आइसोप्रोपिल समूह, $(CH_3)_2CH$ एवं तृतीयक ब्यूटिल समूह, $(CH_3)_3C$ कार्बन श्रृंखला के अन्त में क्रमशः पाये जाते हैं।*

## साधारण एरोमैटिक यौगिकों का नामकरण (बेंजेनोइड)
**(Nomenclature of simple aromatic compounds)**

एरोमैटिक यौगिक वे यौगिक होते हैं जिनमें एक या अधिक बेंजीन वलय होती हैं। एरोमैटिक यौगिक के दो मुख्य भाग होते हैं : (1) नाभिक, (2) पार्श्व श्रृंखला

(1) **नाभिक** (Nucleus) : बेंजीन वलय को छः कार्बन परमाणु के नियमित षटफलक द्वारा प्रदर्शित करते हैं जिनमें तीन द्विबन्ध एकान्तर स्थिति पर होते हैं और इसे **नाभिक** की तरह दर्शाते हैं। वलय को निम्न में से किसी एक प्रकार द्वारा प्रदर्शित करते हैं,




(2) **पार्श्व श्रृंखला** (Side chain) : एल्किल या कोई अन्य एलिफैटिक समूह जिसमें कम से कम एक कार्बन परमाणु नाभिक से जुड़ा रहता है उसे **पार्श्व श्रृंखला** कहते हैं। इन्हें नाभिक से एक या अधिक हाइड्रोजन परमाणु को प्रतिस्थापित कर बनाते हैं। जो कि R होता है। (*R*;$-CH_3$, $-C_2H_5$, $-C_3H_7$ आदि हो सकता है)




यदि बेंजीन अणु का एक हाइड्रोजन परमाणु अन्य परमाणु या समूह से प्रतिस्थापित होता है तो बना हुआ व्युत्पन्न **एकसंयोजी बेंजीन प्रतिस्थापी**

**व्युत्पन्न** कहलाता है। इसको एक रूप में भी प्राप्त किया जा सकता है क्योंकि बेंजीन के सभी छः हाइड्रोजन समतुल्य स्थान प्रदर्शित करते हैं। उदाहरण के लिए, $C_6H_5X$, जहाँ $X$ एकसंयोजी समूह है।

जब बेंजीन के दो हाइड्रोजन परमाणु दो एकसंयोजी परमाणु या परमाणु के समूह द्वारा प्रतिस्थापित होते हैं, तो बनने वाले उत्पाद द्विप्रतिस्थापी बेंजीन व्युत्पन्न के तीन भिन्न रूप हो सकते हैं। इन रूपों को अंकित कर विभेदित कर सकते हैं। मूल क्रियात्मक समूह द्वारा पाये गये स्थान को 1 की तरह स्थान दिया जाता है एवं अन्य स्थानों को घड़ी की दिशा में अंकित करते हैं।

(i) ***ऑर्थो*** (या 1, 2-) **:** यदि दो प्रतिस्थापी संलग्न कार्बन परमाणु पर उपस्थित हो तो यौगिक को ऑर्थो या 1, 2- कहते हैं।

(ii) ***मैटा*** (या 1, 3-) **:** यदि दो प्रतिस्थापी एकान्तर कार्बन परमाणु पर उपस्थित हो तो यौगिक को मेटा या (1, 3-) कहते हैं।

(iii) ***पैरा*** (या 1, 4-) **:** यदि दो प्रतिस्थापी विकर्ण रूप से कार्बन परमाणु पर स्थित हो तो यौगिक को पैरा या (1, 4-) कहते हैं।

ऑर्थो, मैटा एवं पैरा को क्रमशः *o-*, *m-* एवं *p-* से प्रदर्शित करते हैं जिन्हें निम्न तरह से दर्शाते हैं,


(1, 2-) ऑर्थो


(1, 3-) मेटा


(1, 4-) पैरा

**एरिल समूह :** एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन अणु के एक या अधिक हाइड्रोजन परमाणु के निष्कासन से प्राप्त मूलक एरिल मूलक या एरिल समूह कहलाता है। उदाहरण के लिए,


फेनिल (नाभिक से)


बेंजिल


बेंजल


बेंजो

पार्श्व श्रृंखला से

**विभिन्न एरोमैटिक यौगिकों का नामकरण :** कुछ साधारण एरोमैटिक यौगिकों के नाम नीचे दिये गये हैं :

**हाइड्रोकार्बन (एरीन)**


बेंजीन


टॉलुईन


एथिल बेंजीन


1, 2-डाई मेथिल बेंजीन (*o*-जाइलीन)


1, 3-डाईमेथिल बेंजीन (*m*-जाइलीन)


1, 4-डाईमेथिल बेंजीन (*p*-जाइलीन)


1, 3, 5-ट्राईमेथिल बेंजीन (मेसीटिलीन)

एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन में दो या अधिक बेंजीन वलय एक साथ संघनित हो सकती हैं।


नेफ्थैलीन


एंथ्रासीन


फिनेन्थ्रीन

**हैलोजन व्युत्पन्न**

*नाभिक प्रतिस्थापी*


क्लोरोबेंजीन


2-क्लोरोटॉलुईन (*o*-क्लोरोटॉलुईन)


1,2-डाईक्लोरोबेंजीन (*o*-डाईक्लोरोबेंजीन)

*पार्श्व श्रृंखला*


फेनिल क्लोरोमेथेन (बेंजिल क्लोराइड)


फेनिल डाईक्लोरोमेथेन (बेंजल क्लोराइड)


फेनिल ट्राईक्लोरोमेथेन (बेंजो क्लोरोइड)

**हाइड्रॉक्सी व्युत्पन्न**


फिनॉल


2-मेथिलफिनॉल *o*-क्रिसॉल


बेंजिल एल्कोहल


1, 2-डाईहाइड्रॉक्सी बेंजीन (केटीकॉल)


1, 3-डाईहाइड्रॉक्सीबेंजीन (रिसोर्सिनॉल)


1, 4-डाई हाइड्रॉक्सी बेंजीन (क्विनॉल)

**ईथर**


मेथॉक्सी बेंजीन (एनिसॉल)


एथॉक्सी बेंजीन (फेनिटॉल)


फिनॉक्सी बेंजीन

**एल्डिहाइड एवं कीटोन** (नाभिक प्रतिस्थापी)



बेंजल्डिहाइड



मेथिलफेनिल कीटोन (एसीटोफिनॉन)



डाईफेनिल कीटोन (बेंजोफिनॉन) *या* डाईफेनिल मेथेनोन

**कार्बोक्सिलिक अम्ल** (नाभिक प्रतिस्थापी)



बेंजोइक अम्ल



*o*-टॉलुईक अम्ल



2-हाइड्रॉक्सीबेंजोइक अम्ल (*o*-सैलिसिलिक अम्ल)



थैलिक अम्ल (1,2 बेंजीन डाईकार्बोक्सिलिक अम्ल)



आइसोथैलिक अम्ल (1,3 बेंजीनडाई कार्बोक्सिलिक अम्ल)



टरथैलिक अम्ल (1,4 बेंजीन डाईकार्बोक्सिलिक अम्ल

**अम्ल व्युत्पन्न**



बेंजोइल क्लोराइड



बेंजामाइड



मेथिल बेंजोएट



एथिल बेंजोएट



बेंजोइक एनहाइड्राइड



फेनिल बेंजोएट



एथिल 4-ब्रोमोबेंजोएट

**एमीन व्युत्पन्न** (नाभिक प्रतिस्थापी)



एनिलीन (एमीनोबेंजीन)



2-एमीनो टॉलुईन या *o*-टॉलुडीन



बेंजिल एमीन या फेनिल मेथेनएमीन

**सल्फोनिक अम्ल** **नाइट्रोजन व्युत्पन्न**



बेंजीन सल्फोनिक अम्ल



नाइट्रोबेंजीन



1, 3-डाईनाइट्रोबेंजीन (*m*-डाईनाइट्रोबेंजीन)

**कार्बनिक यौगिकों के नामकरण के लिए कुछ बिन्दु :** प्रतिस्थापी बेंजीन यौगिकों के आई.यू.पी.ए.सी. में नामकरण के लिए, प्रतिस्थापी को शब्द बेंजीन के साथ उपसर्ग की तरह रखते हैं। यह नोट किया जा सकता है कि कई प्रतिस्थापी बेंजीन यौगिकों के सामान्य नाम ही आज भी विश्व में उपयोग किये जाते हैं। कार्बनिक यौगिकों के नामकरण के लिए कुछ मुख्य बिन्दु नीचे दिये जा रहे हैं,

(i) जब बेंजीन वलय का नाम किसी अन्य यौगिक में प्रतिस्थापी की तरह लेते हैं, तो इसका नाम **फेनिल समूह** की तरह लेते हैं। इसको नामकरण में एल्किल समूह के नाम की तरह लेते हैं। इसे *Ph* की तरह प्रदर्शित करते हैं। उदाहरण के लिए,



या Ph $CH_2CH_2CHO$ 3-फेनिल प्रोपेनल

$$\overset{Ph}{\overset{|}{\overset{3}{C}H}} = \overset{2}{C}H\overset{1}{C}OOH$$
3-फेनिल प्रोप-2-इनोईक अम्ल

$$C_6H_5 - \overset{\overset{5}{C_2}\overset{4}{H_5}}{\underset{C_6H_5}{\overset{3|}{C}}} - \underset{OH}{\overset{2}{C}H} - \overset{1}{C}H_3$$
3, 3 डाईफेनिल पेण्टेन-2-ऑल


